नव प्रदेश

www.navpradesh.com | रायपुर, शुक्रवार 9 जुलाई 2021, शुक्ल पक्ष-अमावस्या, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-150 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

फेसबुक पर सुको की तल्ख टिप्पणी- डिजिटल प्लेटफॉर्म रेलवे के प्लेटफॉर्म नहीं...

नई दिल्ली। फेसबुक को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने दिल्ली दंगे को लेकर दिल्ली विधानसभा के पैनल की तरफ से फेसबुक इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट को जारी किए गए समन पर रोक लगाने से इनकार किया है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कुछ बेहद तल्ख टिप्पणियां भी की। कोर्ट ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म्स रेलवे प्लेटफॉर्म्स

की तरह नहीं हैं जहां ट्रेनों की आवाजाही नियंत्रित होती है। सोशल मीडिया के जरिए छेड़छाड़ से आज लोकतांत्रिक बुनियाद को खतरा होता दिख रहा है।

'सोशल मीडिया मैनिपुलेशन से लोकतंत्र की बुनियाद को खतरा': सुप्रीम कोर्ट ने कहा, '...दुनियाभर में स्थापित स्वतंत्र लोकतंत्रों में इस तरह का असर देखा जा रहा है और वो चिंतित हैं। चुनाव और वोटिंग प्रक्रिया जो लोकतांत्रिक सरकार की बुनियाद होती हैं, उनके लिए सोशल मीडिया तिकड़मों से खतरा बना हुआ है।'

'पूरी तरह अनियंत्रित भी हो सकते हैं डिजिटल प्लेटफॉर्म'

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'तकनीकी युग ने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पैदा किए हैं-ये रेलवे प्लेटफॉर्म्स की तरह नहीं हैं जहां ट्रेनों का आना-जाना नियंत्रित होता है। ये डिजिटल प्लेटफॉर्म्स किसी समय पूरी तरह अनियंत्रित हो सकते हैं, इनकी अपनी चुनौतियां हैं।'

'सोशल मीडिया बहुत ताकतवर, जिम्मेदारी भी होनी चाहिए'

सोशल मीडिया की ताकत का जिक्र करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसके मार्च 2021 तक 2.85 अरब मंथली ऐक्टिव यूजर्स हैं। यह दुनिया की कुल आबादी के एक तिहाई से ज्यादा है। कोर्ट ने कहा, 'अगर राष्ट्रीय संदर्भ में देखें तो भारत में फेसबुक सबसे लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है जिसके करीब 27 करोड़ रजिस्टर्ड यूजर्स हैं। इतने बड़ी ताकत के साथ जिम्मेदारी जरूर होनी चाहिए।'

फेसबुक ने लोगों को ताकत दी लेकिन इसके नुकसान भी कम नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने साथ में यह भी कहा कि फेसबुक ने लोगों को आवाज उठाने और अभिव्यक्ति की आजादी देने में अहम भूमिका निभाई है। इस पर राज्य का पहरा नहीं होना चाहिए लेकिन इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि इसी प्लेटफॉर्म से विध्वंसकारी संदेश, आवाज और विचारधारा भी उभर रही है।

अब केंद्र सरकार लेती है एक्शन तो हम नहीं देंगे संरक्षण

नए नियमों पर हाई कोर्ट की ट्विटर को दो-टूक

नई दिल्ली। यदि ट्विटर की ओर से भारत के नए आईटी नियमों को लागू नहीं किया जाता है तो फिर उसे किसी भी तरह का कानूनी संरक्षण नहीं दिया जा सकता। ट्विटर की ओर से अब तक भारत में शिकायत अधिकारी नियुक्त न करने समेत नए आईटी नियमों के प्रावधानों को लागू न करने को लेकर हाई कोर्ट ने यह बात कही है। इसके साथ ही कोर्ट ने ट्विटर की ओर से नियुक्त किए गए सभी अंतरिम अधिकारियों से एफिडेविट मांगा है कि वे खुद को सौंपे गए टास्क की जिम्मेदारी लेते हैं। इससे पहले केस की सुनवाई के दौरान ट्विटर ने कहा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

पंजाब में कांग्रेस के भीतर मची खीचतान और भाजपा व अकाली दल का गठबंधन टूटने से जो हालात बने है उसका लाभ उठाने के लिए घुंघरू सेठ ने पूरी ताकत लगा दी है। 300 यूनिट फ्री बिजली देने और पुराना बकाया माफ करने का वादा कर के उन्होने पंजाब के मतदाताओं के सामने चारा फेंक दिया है। दिल्ली के बार्डर पर डेरा डाले बैठे तथाकथित किसानों को फ्री वाईफाई सहित कई सुविधाएं देकर उन्होने आंदोलनजीवियों के वोट कबाड़ने की भी जुगत कर ली है। समझ में नहीं आता कि मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाले दलो पर चुनाव आयोग का डंडा क्यों नहीं चलता।

खास-खबर

दिल्ली में 125 फीसदी तक बढ़ा नाइट्रोजन ऑक्साइड का प्रदूषण

नई दिल्ली(ए.)। राजधानी दिल्ली में पिछले साल अप्रैल की तुलना में इस साल अप्रैल में नाइट्रोजन ऑक्साइड (एनओ2) की मात्रा 125 फीसदी तक बढ़ गई। सेटेलाइट डाटा विश्लेषण के आधार पर ग्रीनपीस इंडिया ने यह निष्कर्ष निकाले हैं। संस्था के मुताबिक दिल्ली समेत आठ शहरों में नाइट्रोजन ऑक्साइड की मात्रा में तेज बढ़ोतरी देखी गई है।

पिछले साल कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए मार्च में लॉकडाउन की घोषणा कर दी गई थी। इसके चलते तमाम परिवहन के साधन, यातायात, उद्योगों आदि पर पाबंदी लग गई थी। इन गतिविधियों के थमने के साथ ही पर्यावरण में भारी सुधार देखने को मिला था। जहां आसमान का रंग साफ नीला हो गया था, वहीं हवा भी बेहद साफ-सुथरी हो गई थी। दिल्ली समेत देश के तमाम हिस्सों में इस परिवर्तन को महसूस किया गया।

मोदी कैबिनेट विस्तार के बाद कृषि और कोरोना पर बड़ा फैसला

23 हजार करोड़ का हेल्थ पैकेज

एक लाख करोड़ रुपये मंडी के जरिए से किसानों तक पहुंचाया जाएगा

नई दिल्ली/ए.। मोदी मंत्रिमंडल के विस्तार और फेरबदल के बाद गुरुवार शाम को पहली कैबिनेट बैठक हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई बैठक में किसान, कोरोना आदि के मुद्दे पर अहम फैसले लिए गए। कोरोना से लड़ाई के लिए 23,123 करोड़ के इमरजेंसी हेल्थ पैकेज का ऐलान किया गया है। इसके अलावा, एक लाख करोड़ रुपये मंडी के जरिए से किसानों तक पहुंचाया जाएगा। कैबिनेट बैठक खत्म होने के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, मनसुख मंडाविया, नरेंद्र सिंह तोमर ने ये जानकारियां दीं।

शाम पांच बजे बुलाई गई बैठक तकरीबन घंटेभर तक चली। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि

सरकार मंडियों का सशक्तिकरण चाहती है। सरकार ने अहम फैसला लिया है, जिसके तहत एक लाख करोड़ रुपये मंडी के जरिए किसानों तक पहुंचेगा। वहीं, केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए कहा कि एपीएमसी मंडियों को और मजबूत किया जा रहा है। कृषि मंडियों को और संसाधन दिया जाएगा। मंडियां खत्म नहीं होने वाली हैं।

तोमर ने कहा, ''हमारे देश में एक बड़ा क्षेत्र है, जहां नारियल की खेती होती है। नारियल का प्रोडक्शन बढ़े, इसके लिए नारियल बोर्ड 1981 में बना था। इस बोर्ड में सरकार संशोधन करने जा रही है। बोर्ड का अध्यक्ष किसान पृष्ठभूमि से होगा और वह जमीन की हालात को सही से समझ सकेगा। इसके अलावा, एग्जीक्यूटिव पावर के लिए एक सीईओ बनाया जाएगा।

कोरोना को लेकर कैबिनेट में कई अन्य फैसले

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सेंट्रलाइज्ड सिस्टम के जरिए से कोविड की मॉनिटरिंग की जाएगी। अगले नौ महीनों में कोविड के लिए सभी हेल्थ केयर स्टूडेंट्स काम करेंगे। 736 जिलों में बच्चों के लिए आईसीयू बनाए जाएंगे, जिसमें 20 हजार बेड्स होंगे। यदि कोरोना मामलों में वृद्धि होती है और हमें एक फील्ड अस्पताल की आवश्यकता होती है तो 5,000 बिस्तर और 2500 बिस्तर कम समय में बनाए जा सकते हैं।। कोविड की संख्या बढ़ने पर 5,000 बेड और 2,500 बेड वाला अस्पताल बनाया जाएगा। अगले 9 महीने में राज्यों में 10 हजार लीटर ऑक्सीजन स्टोरेज सिस्टम को बनाया जाएगा।

'जिला स्तर पर उपलब्ध करवाई जाएंगी एक करोड़ दवाएं'

कैबिनेट में लिए गए अहम फैसलों के बारे में स्वास्थ्य मंत्री ने आगे कहा, ''जिला स्तर पर एक करोड़ दवाओं को उपलब्ध करवाया जाएगा। जिससे कोरोना की किसी भी संभावित लहर से बचा जा सके। कोरोना के खिलाफ राज्य और केंद्र को मिलकर लड़नी होगी।'' सूत्रों के अनुसार, कैबिनेट बैठक के बाद शाम सात बजे मंत्रिपरिषद की भी बैठक बुलाई गई है। राष्ट्रपति भवन में हुए शपथ ग्रहण समारोह के अगले दिन ही ये दोनों एक के बाद एक बैठकें हो रही हैं। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला मंत्रिमंडल विस्तार बुधवार शाम को हुआ था। कुल 36 नए चेहरों को जगह दी गई है, जबकि अनुराग ठाकुर, किरण रिजिजू समेत सात पूर्व राज्य मंत्रियों का कैबिनेट स्तर पर प्रमोशन किया गया है।

कोरोना महामारी से निपटने के लिए पैकेज का ऐलान

वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि हेल्थ सेक्टर में अहम फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि कोरोना की तीसरी लहर से निपटने की तैयारी की जा रही है। 20 हजार नए आईसीयू बेड को तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कोरोना के खिलाफ जारी जंग के लिए इमरजेंसी पैकेज पर फैसला लिए जाने की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोरोना के लिए 23100 करोड़ का इमरजेंसी हेल्थ पैकेज बनाया गया है।

मिशन मोड: कोदो, कुटकी, रागी के उत्पादन को दिया जाएगा बढ़ावा: सीएम बघेल

■ गांवों में प्रसंस्करण की छोटी-छोटी इकाईयां होंगी स्थापित

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज वन विभाग की समीक्षा बैठक में कई अहम निर्देश दिए। देश-विदेश में कोदो, कुटकी, रागी जैसे मिलेट की बढ़ती मांग को देखते हुए प्रदेश में मिशन मोड में मिलेट उत्पादन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा है कि प्रदेश में बड़े क्षेत्र में मिलेट का उत्पादन होता है। मिलेट्स के संग्रहण, प्रसंस्करण और वेल्यू एडिशन से किसानों, महिला समूहों और युवाओं के लिए रोजगार के साथ अच्छी आय के साधन विकसित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चुनिंदा विकासखण्डों में करें क्लस्टर चिन्हांकित-भूपेश

मुख्यमंत्री ने कहा है कि कोदो, कुटकी और रागी के क्षेत्र तथा उत्पादन में वृद्धि कर प्रसंस्करण के माध्यम से विभिन्न उत्पाद तैयार कर प्रदेश में मिलेट्स की खपत को बढ़ाया जा सकता है। प्रदेश में कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर, जगदलपुर, दंतेवाड़ा और सुकमा सहित राजनांदगांव, कवर्धा और बेमेतरा तथा सरगुजा के कुछ क्षेत्रों में इनका उत्पादन होता है। उन्होंने कहा कि मिलेट्स का उत्पादन बढ़ाने के लिए चुनिंदा विकासखण्डों में मिलेट क्लस्टर चिन्हांकित कर उन्नत खेती को बढ़ावा दिया जाए। मिलेट्स की खेती से महिला स्व सहायता समूहों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भूपेश सरकार का बड़ा निर्णय

प्रदेश के अस्पतालों में अब नि:शुल्क डायलिसिस

■ दूरस्थ अंचलों के मरीजों को आर्थिक बोझ से मिलेगी राहत

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय नि:शुल्क डायलिसिस कार्यक्रम के तहत राज्य के आठ जिला अस्पतालों में 'जीवन धारा' नाम से नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा प्रदान की जा रही है। किडनी रोगों से ग्रस्त मरीजों को लंबे समय तक बार-बार डायलिसिस कराना पड़ता है। इससे उन पर बड़ा आर्थिक बोझ पड़ता है। स्थानीय स्तर पर ही डायलिसिस की सुविधा मिलने से किडनी रोगों से पीड़ितों को अब दूर नहीं जाना पड़ रहा है। इससे मरीजों और उनके परिजनों के श्रम, धन और समय की भी बचत हो रही है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जशपुर और अंबिकापुर को मिली सुविधा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश के छह जिलों दुर्ग, कांकेर, कोरबा, बिलासपुर, महासमुंद और बीजापुर में वर्ष 2020 से ही नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस साल जून में जशपुर और सरगुजा में भी यह सुविधा शुरू कर दी गई है। इस तरह प्रदेश में नि:शुल्क डायलिसिस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

19 महीने बाद बरी हुए राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार गोगोई

दिल्ली(ए.)। असम में नागरिकता कानून के विरोध के कारण गैर जमानती यूएपीए कानून के तहत गिरफ्तार अखिल गोगोई को अदालत ने रिहा कर दिया है. रिहाई के बाद इन कानून के तहत के मनमाने इस्तेमाल को रोकने की मांगें तेज हुई हैं.असम में एनआईए की अदालत ने नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफआंदोलन के सिलसिले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार कार्यकर्ता अखिल गोगोई को तमाम आरोपों से बरी करते हुए जेल से रिहा कर दिया है. जेल से रिहा होने के बाद गोगोई ने केंद्र सरकार की खिंचाई करते हुए कहा है कि उसने सीएए के विरोध में आंदोलन को आतंकवादी गतिविधि साबित करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का बेजा इस्तेमाल किया था. राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि दरअसल, गोगोई का मामला यूएपीए के बेजा इस्तेमाल की एक और मिसाल के तौर पर सामने आया है. गोगोई पर लगे आरोपों को खारिज कर उनको रिहा करने का फैसला असम की बीजेपी सरकार और केंद्र के लिए करारा झटका माना जा रहा है. गोगोई ने जेल में रहते हुए ही ऊपरी असम की शिवसागर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नासा की चेतावनी पर रूस बोला- हम सहमत नहीं

आज आईएसएस से टकरा सकता है अंतरिक्ष मलबा?

वॉशिंगटन (ए.)। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने चेतावनी देते हुए कहा है कि गुरुवार को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से मलबे के टकराने का खतरा है। जिसके बाद रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस के चीफ दिमित्री रोगोजिन ने कहा कि हमारी एजेंसी ऐसी किसी घटना की पुष्टि नहीं करती है। दुनिया की दो शीर्ष अंतरिक्ष एजेंसियों के विरोधाभासी बयान के बाद विवाद पैदा हो गया है।

साल के शुरुआत में आईएसएस से टकराया था मलबा

इस साल की शुरुआत में ही आईएसएस पर लगे 17 मीटर लंबे कनाडाई रोबोटिक सिस्टम से मलबा टकरा गया था। इस टक्कर से रोबोटिक सिस्टम में एक छेद भी हो गया था। हालांकि, घटना ने डिवाइस के संचालन को प्रभावित नहीं किया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक अंतरिक्ष में मलबे के 27 हजार टुकड़ों पर नजर रखी जा रही है। इतनी निगरानी के बाद भी अभी कई ऐसे टुकड़े अंतरिक्ष में तैर रहे हैं जिनके छोटे होने की वजह से निगरानी नहीं रखी जा पा रही है लेकिन उनसे इंसानों की उड़ानों और रोबोटिक मिशन को खतरा पैदा हो सकता है।

दिमित्री रोगोजिन ने ट्वीट कर कहा कि ह्यूस्टन ने एक अज्ञात वस्तु (अंतरिक्ष मलबे) के खतरे को कल आईएसएस के पास 4.8 किमी तक पहुंचने की संभावना के साथ देखा।

चिंता — केंद्र ने इन 8 राज्यों को किया सतर्क

कोरोना वायरस के एक्टिव केसों में इजाफे से चिंता

नई दिल्ली(ए.)। एक दिन में कोरोना के नए केसों की संख्या दो महीने के बाद रिकवर हुए लोगों से अधिक पाए जाने के बाद केंद्र सरकार ने 8 राज्यों को सतर्क किया है। इन राज्यों में पॉजिटिविटी रेट सबसे अधिक है। सरकार की ओर से अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, केरल, असम, मेघालय, त्रिपुरा, सिक्किम और ओडिशा को चिट्ठी लिखी गई है और कोरोना के बढ़ते केसों से सतर्क रहने को कहा गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण की ओर से यह पत्र लिखा गया है। इसमें कोरोना के बढ़ते

केसों को थामने के लिए उपाय करने की सलाह दी गई है।

हेल्थ सेक्रेटरी ने अपने पत्र में ओडिशा के मुख्य सचिव से कहा, 'यह चिंता की बात है कि ओडिशा के तीन जिलों में कोरोना का पॉजिटिविटी रेट 10 फीसदी से ज्यादा बना हुआ है। राज्य में पॉजिटिविटी रेट लगातार कम हो रहा है और फिलहाल 5.36 पर्सेंट पर है। लेकिन नुआपाड़ा जिले में बीते एक सप्ताह में पॉजिटिविटी रेट में तेजी से इजाफा हुआ है।' राजेश भूषण ने अपने लेटर में 28 जून से 4 जुलाई के सप्ताह को लेकर यह बात लिखी है। इसके अलावा उन्होंने इन सभी राज्यों में वैक्सीनेशन की रफ्तार तेज करने को कहा है। हेल्थ सेक्रेटरी ने कहा कि वैक्सीनेशन केंद्रमों में इजाफा करना चाहिए। इसके अलावा कंटेनमेंट जोन्स के पास भी वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित करने को कहा गया है।

टीकाकरण में तेजी लाने की दी गई सलाह

18 साल से अधिक आयु के सभी लोगों के टीकाकरण में तेजी लाने का आदेश दिया गया है। बता दें कि गुरुवार सुबह सामने आए बीते एक दिन के आंकड़े में एक्टिव केसों की संख्या में इजाफा हुआ है। इसके अलावा बीते 55 दिनों के बाद ऐसा पहली बार हुआ है, जब एक दिन में मिले कोरोना के नए केसों की संख्या रिकवर हुए लोगों से ज्यादा है।

111 दिन में मिले सबसे कम केस और फिर होने लगा इजाफा

देश भर में 6 जुलाई को 34,703 नए केस देश भर में मिले थे, जो 111 दिनों का सबसे कम आंकड़ा है। लेकिन उसके बाद से एक बार फिर तेजी देखने को मिल रही है। बुधवार और गुरुवार को कोरोना के नए केसों की संख्या 40 हजार से ज्यादा रही है। यही नहीं एक्टिव केसों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। बुधवार को एक्टिव के 4.59 लाख ही थे, जो अब बढ़कर 460,704 हो गए हैं।

ब्लॉक प्रमुख चुनाव: भाजपा-सपा कार्यकर्ताओं के बीच संग्राम

■ फायरिंग और बवाल के बाद हुए नामांकन

लखनऊ। यूपी में ब्लॉक प्रमुख चुनाव के लिए चल रहे नामांकन के अंतिम दिन जमकर बवाल हुआ। सीतापुर, लखीमपुर खीरी, अंबेडकरनगर, मऊ, जौनपुर और फतेहपुर जिलों में भाजपा और सपा कार्यकर्ताओं के बीच जमकर संग्राम हुआ। सीतापुर में तो कई राउंड फायरिंग हुई। फतेहपुर में पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। लखीमपुर खीरी में सपा प्रत्याशी की प्रस्ताव के साथ बदसलूकी हुई। अधिकांश जिलों में बवाल के बाद ही नामांकन हो पाया।

ब्लाक प्रमुखी हथियाने के लिए गुरुवार को जमकर बवाल हुआ। तेलियानी ब्लाक नामांकन करने जा रहे सपा प्रत्याशी व समर्थकों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी के समर्थकों ने हमला बोल किया। प्रत्याशी के अधिवक्ता और समर्थकों की बेहरमी से पिटाई कर दी। पथराव कर वाहन तोड़ दिए और नामांकन फाइल छीन कर भाग गए। अफसर और पुलिस मूक दर्शक बनी बवाल देखती रही। सपा प्रत्याशी ने दूसरा सेट लेकर गुपचुप तरीके से ब्लाक पहुंच नामांकन दाखिल किया। तेलियानी ब्लाक में सुबह से तनाव की स्थिति बनी हुई है। एसडीएम सदर प्रमोद झा और सीओ सिटी संजय सिंह की मौजूदगी में भारी फोर्स तैनात थी।

न्यूज गैलरी

खालसा फाउंडेशन ने दिए 15 कंसट्रेटर मशीन

भिलाई। कोविड.19 के संक्रमण से ग्रसित मरीजों के इलाज के लिए कठिन समय में सामाजिक संस्थाएं लोगों की मदद के लिए आगे आ रहे है। इसी क्रम में आज पंजाब के खालसा एड फाउंडेशन ने जिला प्रशासन को 15 नग कंसट्रेटर मशीन उपलब्ध कराई है। यह मशीन भिलाई निगम कार्यालय में विधायक देवेन्द्र यादव, कलेक्टर एवं निगम प्रशासक डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल को संस्था के प्रतिनिधियों ने सौंपा। कलेक्टर ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इस कठिन परिस्थिति में सामाजिक संगठन द्वारा लोगों के लिए किये जाने वाले कार्यो से सकारात्मक माहौल बनता है और कोविड संक्रमण को रोकने चल रहा कार्य मजबूत होता है। इस दौरान निगम के अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अमरप्रीत सिंह मैनेजिंग डायरेक्टर एशिया, एडवोकेट भूपिंदर सिंह भट भी मौजूद थे।

नर्सिंग स्टाफ आंदोलन का भाजयुमो का समर्थन

दुर्ग। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर जब अपने पूरे शबाब पर थी ऐसे समय पर अपनी जान की परवाह ना कर अपनी सेवा देने वाले नर्सिंग स्टाफको नौकरी से कोरोना संक्रमण की रफ्तार कम होने पर सरकार के द्वारा नौकरी से निकाल दिया गया है जिससे अपनी रोजगार की समस्या को लेकर नर्सिंग स्टाफके द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिलों पर धरना देकर अपनी मांग रखी जा रही है आज इसी कड़ी में दुर्ग शहर में गवर्नमेंट स्कूल के सामने धरनारत नर्सिंग स्टाफके समर्थन में भाजयुमो के पदाधिकारी कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष नितेश साहू के साथ पहुंचे और उन्हें अपनी समर्थन की बात कही इस दौरान उनके साथ प्रमुख रूप से आईटी सेल के जिला संयोजक राजा महोबिया, पीयूष मालवीय, राहुल पाटिल उपस्थित रहे।

दो दिवसीय नि:शुल्क टीकाकरण अभियान

भिलाई। श्री मारवाड़ी गौड़ ब्राम्हण समाज परशुराम भवन पावरहाउस रोड में दो दिवसीय नि:शुल्क शासन द्वारा आयोजित कोविड टीकाकरण का आयोजन 9 व 10 जुलाई को नि:शुल्क रखा गया है। समाज के सभी शहर के नागरिको एवं सामाजिक संस्था व धर्मप्रेमी से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में कोविड टीकाकरण स्वयं व परिवार के साथ आकर लगवाए। उक्त जानकारी संजय पुरोहित, रमेश पुरोहित, दशरथ शर्मा, संतोष पटाक, मातादीन शर्मा, विजय पटाक, संगीता जोशी व नीतू शर्मा ने दी।

वैक्सिनेशन सेंटर का हाल बेहाल, पहुंच मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले के सबसे बड़े अस्पताल यानी दुर्ग जिला अस्पताल के ठीक पीछे आयुर्वेदिक पंचकर्म चिकित्सा केंद्र के वैक्सिनेशन सेंटरों में उपलब्ध सुविधाओं का हाल बेहाल है। यहां बनाए गए वैक्सिनेशन सेंटर में दर्जनों लोग कई.कई बार जाकर वापस लौट रहे हैं। एक ही जवाब मिलता है वैक्सीन खत्म हो गई है। सेंटर तक पहुंचना भी आसान नहीं है। सड़क पर गड्ढे की भरमार है। गड्ढों में बारिश का पानी भरा है। इसी शहर में पीडब्लूडी मंत्री का निवास है।

इसके बावजूद पूरे शहर की सड़कों का यही हाल है। जिसकी लगातार शिकायतें मिलने पर विधायक अरुण वोरा ने आज यहां का जायजा लिया। सेंटर के सामने खस्ताहाल सड़क पर बेशुमार गड्ढों में बारिश का पानी भरा है। इस गड्ढों भरी सड़क को पार करने के बाद ही वैक्सिनेशन सेंटर तक पहुंचा जा सकता है। वैक्सिनेशन के लिए इस सड़क को पार करने में गिरने का खतरा है। सेंटर में मौजूद लोगों ने वोरा को बताया कि दो-तीन दिनों से रोज आ रहे हैं। उन्हें वैक्सीन खत्म होने का हवाला देकर लौटा दिया जाता है। सेंटर में बैठने के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं है। वोरा ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों से वैक्सिनेशन सेंटर की सुविधाएं बेहतर रखने के निर्देश दिये हैं। जिले के चीफ मेडिकल आफिसर से सेंटर में वैक्सिनेशन के लिए आने वाले लोगों के लिए कुर्सियों की व्यवस्था करने के साथ ही पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये हैं। पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था करना भी जरूरी है ताकि यहां आने वाले लोगों को दिक्कत न हो। ज्यादा देर तक इंतजार कराए बिना लोगों का वैक्सिनेशन होना चाहिए।

राशनकार्ड की तर्ज पर निगम बना रहा हेल्थ कार्ड

मुख्यमंत्री बघेल की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना को निगम के स्लम क्षेत्र में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत आमतौर पर हितग्राहियों की ओपीडी पर्ची खो जाती है जिसके कारण पूर्व में दिए चिकित्सा सुविधा का विवरण नहीं मिल पाता था एवं चिकित्सक को नए सिरे से इलाज करना पड़ता था उपरोक्त परेशानी को दूर करने विधायक अरुण वोरा एवं कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे के मार्गदर्शन में आयुक्त हरेश मंडावी ने नवाचार करते हुए निगम क्षेत्र के अंतर्गत एमएमयू में इलाज कराने वाले हितग्राहियों का हेल्थ कार्ड बनाने का निर्णय लिया है हितग्राही की जानकारी तथा पूर्व में किए गए चिकित्सा परामर्श की पूरी जानकारी हेल्थ कार्ड से आसानी से देखा जा सकेगा तथा भविष्य में उसके अनुरूप हितग्राहियों का इलाज किया जा सकेगा हेल्थ कार्ड से डॉक्टरों की इलाज लैब टेस्ट एवं दवा की जानकारी में आसानी हो रही है तथा इलाज कराने वाले हितग्राहियों द्वारा इस सुविधा की सराहना की जा रही है।

संतुलित और सधा हुआ है केंद्रीय मंत्री मंडल

शाह को प्रभार देना ऐतिहासिक कदम : सांसद बघेल

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। केंद्रीय मंत्रिमंडल के पुनर्गठन पश्चात लोकसभा सांसद विजय बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने मंत्रिमंडल में किया गया पुनर्गठन प्रत्येक दृष्टि से संतुलित और सधा हुआ है।

नवगठित मंत्रिमंडल में अनुभव और योग्यता का अति उत्तम संतुलन है साथ ही इसमें सामाजिक दृष्टिकोण से समुचित प्रतिनिधित्व प्रदान करने के साथ.साथ युवाओं और महिलाओं को भी पर्याप्त महत्व दिया गया है। नवीन मंत्रिमंडल के गठन से मोदी सरकार के कार्यों की गति और भी अधिक तीव्र होगी साथ ही देश द्रुतगति से विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। सांसद बघेल ने कहा कि

आजादी के बाद से अब तक कभी भी सहकारिता क्षेत्र को इतना बड़ा महत्व नहीं मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकारिता आंदोलन के महत्ता को समझते हुए सहकारिता के लिए पृथक से मंत्रालय गठित कर उसका प्रभार अमित शाह जैसे ऊर्जावान नेता को सौंपा है। यह निश्चित है कि पूरे देश में सहकारिता क्षेत्र को लेकर योजनाबद्ध रूप से काम करते हुए अलग.अलग कार्यक्षेत्र में सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान कर निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य होगा।

श्री बघेल ने कहा कि नवीन केंद्रीय मंत्रिमंडल के पुनर्गठन से निराश कुछ कांग्रेस नेता बौखलाहट में आकर अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं उन्हें यह जानने की आवश्यकता है कि मोदी सरकार में प्रत्येक सांसद एक मंत्री के बराबर ही अहमियत रखता है, केंद्र सरकार और उसके मंत्रालयों द्वारा सांसदों के प्रस्तावित और अनुशंसित प्रत्येक कार्य को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किया जाता है। इसके विपरीत छत्तीसगढ़ के सत्ताधारी दल के विधायकों की दुर्गति ऐसी है कि छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री उनसे मिलने तक से इंकार कर देते हैं। श्री बघेल ने कहा कि सहकारिता के लिए पृथक से मंत्रालय गठित कर उसका प्रभार अमित शाह जैसे ऊर्जावान नेता को सौंपा है।

बढ़ती महंगाई के विरोध में हस्ताक्षर अभियान

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। आम नागरिकों को केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल, डीजल के मूल्य में वृद्धि किए जाने से हो रहे कष्टों को ध्यान में रखते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत के नेतृत्व में पेट्रोल पंपों में वृहद हस्ताक्षर अभियान चलाया और लगभग दो सौ वाहन चालकों से हस्ताक्षर कराया गया। विरोध प्रदर्शन करने हेतु राजेन्द्र साहू प्रदेश कॉंग्रेस महामंत्री, नपा अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, पालिका उपाध्यक्ष केरवि कुमार, पार्षद मनहरण यादव जानकी ध्रुव, उमाशंकर शुक्ला व सभी कांग्रेस पार्षद गण, ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता तथा स्थानीय नागरिकों ने अपना योगदान दिया।

सशस्त्र सीमा बल ने चलाया पौधारोपण कार्यक्रम

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। क्षेत्रीय मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल भिलाई सन 2014 से छत्तीसगढ़ में स्थापित है स इस क्षेत्रीय मुख्यालय के अंतर्गत दो वाहिनी इकाइयाँ जो की जिला कांकेर में रावघाट रेल्वे लाइन परियोजना की सुरक्षा में तैनात है। 33वीं केवटी एवं 28वीं वाहिनीं अंतागढ़ में स्थापित है। सशस्त्र सीमा बल के बल मुख्यालय के व्दारा क्षेत्रीय मुख्यालय भिलाई एवं इसकी दोनों वाहिनियों को इस वर्ष के कार्यकाल में 15000 वृक्षों के रोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस इलाके के लोगों की खुशहाली के लिए क्षेत्रीय मुख्यालय भिलाई ने एक

सुसंगठित कार्यक्रम के तहत अपने आसपास के इलाके के आलावा जिला कांकेर के सुदूर वनांचल के गावों में सघन पौधरोपण कार्यक्रम को आयोजित किया है। उप महानिरीक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सशस्त्र सीमा बल भिलाई ने एक अनोखी पहल का आगाज किया है। जिसके तहत 28वीं वाहिनीं अंतागढ़ के कार्यक्रम में वनग्राम पतकालबेडा एवं वनग्राम तुमापाल के समस्त ग्राम वाशियों को प्रतिघर पांच.पांच पौधे काजू के कुल 200 पोधे गाँव के पटेल तुमापाल राजू उसेंदी, एवं पटेल पतकलबेड़ा सुकेल सिंह दर्रो इनके सहयोग से प्रत्येक घर.घर में जाकर रोपित करने का कार्यक्रम किया गया। इस कार्य से वनग्राम. पतकलबेड़ा और वनग्राम. तुमापाल को काजूगाँव बनाने में सहयोग की मुहीम होगी। इस प्रकार इस विशेष अभियान से यह उम्मीद की जा सकती है की आने वाले समय में प्रत्येक घर का आर्थिक एक सामाजिक उत्थान होगा स सशस्त्र सीमा बल की उक्त मुहीम की समस्त ग्राम वासी एवं समस्त समाजसेवियों ने भूरी.भूरी प्रशंसा की। जिसमें मुख्य रूप से निम्बू, आवंला, करंज पौधें लगाए गए। जिसमें सुधीर उप.महानिरीक्षक क्षेत्रिय मुख्यालय, अशोक कुमार ठाकुर कमांडेंट, वी भोगराजू उप कमांडेंट एवं समस्त अधीनस्थ अधिकारीगण एवं बलकर्मी उपस्थित थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202106100400458

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका नमिता शर्मा पति अश्वनी शर्मा निवासी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 59/29 रकबा 0.029 हें/ 2560 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202106100400460

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका मिनाक्षी शर्मा पति अनुप कुमार निवासी पद्मनाभपुर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 59/30 रकबा 0.022 हें/ 2340 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202106100400194

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री कैलाश प्रसाद ठाकुर आ. स्व. लतेलराम ठाकुर निवासी मरोदा सेक्टर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 20/13, 24/13, 20/11 रकबा 0.030 हें/ 3000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202107100400103

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री महेश आहुजा आ. स्व. जे.एस. आहुजा निवासी रायपुर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 291/43, 291/51 रकबा 0.0150, 0.005 हें/ 2200 वर्गफीट के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202107100400037

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका माही बत्रा पति अमरलाल बत्रा निवासी पद्मनाभपुर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 246/99 रकबा 0.0100 हें/ 1100 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन
ई-कोर्ट	श्री रोशनलाल चंद्राकर	रजिस्ट्रेशन नं. 202106100400533

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री रोशनलाल चंद्राकर आ. श्री दुर्वासाराम चंद्राकर निवासी ग्राम कचांदुर तहसील गुण्डरदेही जिला बालोद छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	492/127	0.005 हें 900 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तोरणलाल साहू पिता अड़ामन लाल साहू निवासी ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 497/14 रकबा 0.0100 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार अड़ामन लाल साहू आ. घासुराम साहू की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रजवतिंन देशमुख पिता/पति स्व. हीरालाल देशमुख निवासी ग्राम चिगरी मौजा चिगरी प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 178, 208, 216, 219, 221, 234, 236, 243, 253, 262, 726, 733, 735, 824, 912, 207, 592, 593 रकबा कुल 3.0600 तथा 0.9800 हे. हीरालाल देशमुख के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 09.11.2020 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12.07.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डी. हेमंत कुमार आ. स्व. कामराजू निवासी मरोदा रेल्वे कालोनी क्वा. नं. 02 (ए) तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम उमरपोटी तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 341/91 रकबा 0.014 हें भूमि जो कि स्व. सरस्वती पति स्व. कामराजू के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी योगेश कुमार पिता रायसिंग की मृत्यु 02.08.2019 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग उतई सर्किल (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-74/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महादेव पंत स्व. जयबहादुर पंत निवासी क्वा. 08/डी सड़क 12 से-05 भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक के नाम से मौजा पाउवारा प.ह.न 44 स्थित भूमि खसरा नंबर 904/3 रकबा 0.014 हे. 1500 वर्गफीट भूमि स्थित है। आवेदक के द्वारा अनावेदक को अपना ऋणपुस्तिका एवं आममुख्तयार नियुक्त कर प्रदान किया गया था। आममुख्तयार निरस्त कर ऋण पुस्तिका वापस मागे जाने पर ऋणपुस्तिका को वापस नही किया गया है। व्यवहार न्यायालय में ऋण पुस्तिका जारी किए जाने बाबत् निर्णय दिनांक 05.07.2018 को पारित किया गया है। आवेदक को ऋणपुस्तिका जारी किए जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 16.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेन्द्र कुमार पिता ढालसिंह निवासी पिसेगांव तहसील व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि उनके पिता के नाम पर ग्राम पिसेगांव प.ह.नं. 27 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 250/4, 748 रकबा कुल 2.190 हे. भूमि एकल खाता/शामिल खाता में दर्ज है। खातेदार/सहखातेदार की मृत्यु दिनांक 26.11.2020 को होने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 13.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.06.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा तह. धमधा जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-21

ई.पंजी.- 2020106102800170

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/क्रेता श्रीमती सुनीता मानिकपुरी पति गोपाल दास मानिकपुरी निवासी घुघवा तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा भूधारक/विक्रेता अमीका प्रसाद वर्मा पिता रिखीराम वर्मा निवासी बीएमवाय चरोदा तह. पाटन जिला दुर्ग के भूमिस्वामी हक में दर्ज भूमि मौजा ग्राम दादर प.ह.न. 62 तहसील धमधा जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 657/4 रकबा 0.020 हे. लगान परि. खाता अनुसार की भूमि भूधारक से पंजीकृत ई पंजीयन आईडी CG5124919022021001 दिनांक 19.02.2021 को क्रय किया जाकर पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर क्रेता स्वयं के पक्ष में नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन-पत्र के आधार पर दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 14.07.2021 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.06.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, अहिवारा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा तह. धमधा जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2020-21

ई. पंजी. 202106102800160

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती प्रेरणा वैष्णव पति तरुण कुमार दास निवासी ग्राम ओटेबंद तहसील धमधा व जिला दुर्ग के द्वारा स्वंय के भूमिस्वामी हक में दर्ज मौजा ग्राम अकोला प.ह.न. 42 तहसील धमधा जिला स्थित भूमि खसरा नंबर 55 रकबा 0.82 हे. की भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 22.07.2021 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, अहिवारा

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

के न्यायालय में उपस्थित होने बाबत्।

व्यक्तिगत-सूचना

मामला क्र.//अ-6/2020-21

ई. पंजी. 2021100700135

प्रति,

श्री शेषनलाल बजाज आ. जीवणोमल बजाज, साकिन जे/16 सड़क 03 ग्रीन ग्रीन गोविंद दलदल सिवनी मोवा रायपुर तह. व जिला रायपुर।

विषय- क्रय/विक्रय शुदा भूमि का नामांतरण बाबत्।

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम दुर्ग प.ह.नं. 24 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 1374/13, 1374/40 का टुकडा रकबा 0.018 वर्गफीट हें भूमि को पंजीकृत विक्रय दिनांक 02.11.2020 के द्वारा आवेदक के पास विक्रय किया गया है।

आवेदक क्रेता पूजा बख्तियार पति दीपक बख्तियार के द्वारा उक्त भूमि को राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

प्रकरण सुनवाई हेतु दिनांक 15.07.2021 को नियत है। अतः आप नियत सुनवाई दिनांक को न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/दावा पेश कर सकते है। बाद में आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.07.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री कृष्णमूर्ति सार्वे आ. स्व. हरिओम सार्वे साकिन सिरसाखुर्द द्वारा ग्राम जेवरा प.ह.न. 13 रा.नि.मं. दुर्ग-01 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 215/2, 238/4, 238/5, 238/7 रकबा 0.780 हे. जो उसके स्व. हरिओम सार्वे के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि का नाम विलोपित किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22.07.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका उमा देवी यादव पति द्वारिका प्रसाद यादव निवासी धमधानाका दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.नं. 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 1834 रकबा 0.4200 हे. मे से 2418 वर्गफीट भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता छेदूराम यादव पिता रामेसर यादव अन्य के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 16.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.07.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

ई.पंजी. 202107100700064

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री देव देवांगन अन्य 01 आ. स्व. गंगाराम देवांगन निवासी ग्राम शंकर नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1273/63 रकबा 0.005 हे. भूमि को हकत्यागकर्ता श्रीमती मंजू देवांगन अन्य 02 पति स्व. गंगाराम देवांगन निवासी ग्राम दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 03.04.2021 को प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)

सूचना-सीमांकन

संदर्भ- तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 07 दिनांक 05.02.2021 वर्ष 2020-21

उपरोक्त आदेश के परिपालन में ग्राम उरला प.हन. 07 रा.नि.मं.-सिकोला के भूमि स्वामी/आवेदक श्रीमती नरबदिया ध.प. गोविंद के भूमि ग्राम उरला में स्थित सीमांकन/ बटाकन/स्थल जांच/बन्दोबस्त त्रुटि सुधार हेतु आवेदित भूमि ख.न. 601/4 रकबा 0.195 हें का स्थल सीमांकन मेरे द्वारा किया जावेगा। चुंकि उक्त खसरा नंबर से आपकी भूमि भी लगी हुई है या अपाके द्वारा बेची गई है। अतः आप अपने समस्त दस्तावेजों (पंजीयन ले आऊट वगैरह) के साथ मौके पर दिनांक 09.07.2021 को 12.00 उपस्थित रहें।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, सिकोला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राकेश गुप्ता पिता जोगेन्द्र गुप्ता निवासी कटनी मप्र मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 296/238 रकबा 0.010 हे. के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी के द्वारा आवेदक के नाम वसीयत किया गया है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 09.08.2016 को हो जाने के कारण आवेदक का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 23.07.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आनंदी भारद्वाज पिता/पति लक्ष्मीकांत भारद्वाज निवासी गयानगर दुर्ग मौजा बघेरा प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 342/1 रकबा 560 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार सुधा बाई पिता/पति रामचन्द्र से दिनांक 15.06.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 13.07.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री बघेल ने पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने उनके शोकाकुल परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए, ईश्वर से उन्हें इस दुख की घड़ी को सहने के लिए शक्ति प्रदान करने और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि वरिष्ठ नेता श्री वीरभद्र सिंह ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री और सांसद के रूप में अपने प्रदेश के विकास में अविस्मरणीय योगदान दिया। वे केंद्रीय मंत्री रहे और छह बार हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री का दायित्व संभाला।

विस् अध्यक्ष ने पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अपने ट्विटर के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह जी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। डॉ महंत ने कहा, हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री वीरभद्र सिंह जी के निधन का समाचार बेहद दुखद है। वे हिमाचल की आन बान शान थे, 6 बार मुख्यमंत्री रहे जनप्रिय नेता थे। ईश्वर उन्हें श्रीचरणों में स्थान दें, परिवारजनों एवं चाहने वालों को शक्ति दें।

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के निधन पर कांग्रेस की श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि ईश्वर इस दुख की घड़ी में परिवारजनों को सहनशक्ति एवं मृत आत्मा को शांति प्रदान करें। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र के निधन पर प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, महामंत्री प्रशासन रवि घोष, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला, राजेंद्र तिवारी सदस्य, रमेश वर्ल्यानी सदस्य, आर.पी. सिंह सदस्य, सुरेंद्र शर्मा सदस्य, सुशील आनंद शुक्ला सदस्य, विकास दुबे सदस्य, संदीप साहू सदस्य, नितिन भंसाली सदस्य, अधिवक्ता अमित श्रीवास्तव सदस्य ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

भारतीय थलसेना की लिखित परीक्षा हेतु नि:शुल्क कोचिंग

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय थल सेना द्वारा दिनांक 03 से 12 मार्च 2021 जिला दुर्ग में भर्ती रली का आयोजन किया गया था। इस रेली से लिखित परीक्षा हेतु पात्र आवेदकों की लिखित परीक्षा दिनांक 25 जुलाई का कलिंगा युनिवर्सिटी, नया रायपुर में आयोजन किया जाना निर्धारित है। अतः ऐसे पात्र आवेदक जिन्हें लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र अथवा लिखित परीक्षा की पात्रता का प्रमाण-पत्र प्राप्त है, वे जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में 10 जुलाई तक आवेदन करें। ताकि उन्हें 15 दिवसीय निशुल्क, ऑनलाइन-ऑफ्लाईन कोचिंग प्रदान जा सकें। इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

तेज बारिश से सड़कों पर भरा पानी जनजीवन अस्त व्यस्त

रायपुर/नवप्रदेश। बुधवार को शाम साढ़े छह बजे के बाद शहर के आसमान पर छाये काले मेघ जमकर बादलों की गर्जना के साथ बरसे। अल्पसमय में हुई तेज वर्षा के चलते मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार बुधवार की शाम को करीब 4 सेमी पानी बरसा है वहीं देर रात रूक- रूक कर होती बारिश से जहां भारी उमस से लोगों को राहत मिली वहीं नगर निगम की साफ सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई। काफी हाउस रजबंधा मैदान के सामने घुटनों तक पानी सड़कों पर भर गया। राजभवन के निकट संस्कृति विभाग के सामने भी घुटनों तक सड़कों पर पानी भरने के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। बरसते पानी में दोपहिया वाहन सवारों को परेशान होना पड़ा।

आरंग विकासखंड में विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण आज

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री और आरंग विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ शिवकुमार डहरिया आज 9 जुलाई को आरंग विकासखंड के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में कोविड 19 के नियमों का पालन करते हुए विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। मंत्री डॉ डहरिया दोपहर 12 बजे अपने निवास रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12.45 बजे ग्राम उमरिया पहुँचेंगे। वे यहाँ 1.30 बजे तक भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात दोपहर 1.45 बजे से अपराह्न 2.30 बजे तक ग्राम देवदा में भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे अपराह्न 2.45 से अपरान्ह 3.30 बजे तक ग्राम कुकरा में धीवर और साहू समाज के भवन भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात शाम 3.45 बजे से शाम 4.30 में ग्राम रसनी में और शाम 4.45 बजे से 5.30 बजे तक ग्राम बोड़रा में भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहाँ से वे शाम 5.30 बजे अपने निवास के लिए प्रस्थान करेंगे।

शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर युवक के साथ मारपीट, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। शराब पीने के लिए पैसा नही देने पर युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीटकर धारदार औजार से मारकर चोट पहुंचाया। मामले की रिपोर्ट डीडीनगर थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार महताब हुसैन 21 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि मंगलवार को गोल चौक डीडीनगर में शाम 6 बजे अपने दोस्त आर्दश जोशी के साथ खड़ा था तभी ओम दूबे,सन्नी रजक एवं रजक बिसेन वहां आए और प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसा मांगा,नही देने पर गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर मारने लगे। ओम दूबे अपने हाथ में रखे किसी वस्तु से उसे मारा जिसके चलते उसे चोट लगी है।

मामले की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

वजन त्यौहार को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह

■ कुपोषण से बचाव के लिए समझ रहे पौष्टिक आहार का महत्व

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की आंगनबाड़ियों में बच्चों में पोषण स्तर के आंकलन के लिए उत्साह के साथ वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। वजन त्यौहार के शुभारंभ अवसर 7 जुलाई पर सभी जिलों में 5 वर्ष तक के हजारों बच्चों का वजन और ऊंचाई लिया गया। वहीं 11 से 18 वर्ष की सभी किशोरी बालिकाओं का हिमोग्लोबिन टेस्ट भी कराया गया। कई आंगनबाड़ी केन्द्रों को रंग बिरंगे गुब्बारो से सजाया गया और फल-सब्जियों से बनी रंगोली के माध्यम से सुपोषित आहार अपनाने का संदेश दिया गया। स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता और स्वस्थ किशोरी बालिका प्रतियोगिता के आयोजन के साथ ही रेडी-टू-ईट के विभिन्न व्यंजनों और छत्तीसगढ़ की विभिन्न भाजी का भी प्रदर्शन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 16 जुलाई तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जाएगा।

लोगों को जागरूक कर रहे

आम नागरिकों के साथ जन प्रतिनिधिगण भी उत्साह से वजन त्यौहार में शामिल होकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने भी सभी पालकों से अपने 5 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी ले जाकर उनके पोषण स्तर का आंकलन करवाने का आग्रह किया है, जिससे कुपोषण को जल्दी हराया जा सके। उन्होंने कहा है कि बच्चों के पोषण स्तर के आंकलन के लिए वजन करना आवश्यक है। वजन कराने से बच्चों के विकास की सही जानकारी मिलेगी।

नौनिहालों के पोषण स्तर की ली जा रही जानकारी

कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन

वजन त्यौहार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं एवं सहायिकाएं कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर पालकों को उनके बच्चों और शिशुवती माताओं को खान-पान में पौष्टिक आहार को शामिल करने के साथ स्वास्थ और स्वच्छता संबंधी सलाह भी दे रही हैं। इस कार्य में स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है। बच्चों की आयु के अनुसार उनके वजन और ऊंचाई के आधार पर बच्चों के गंभीर कुपोषित, मध्यम कुपोषित या सामान्य होने का आंकलन किया जा रहा है।

इस आधार पर बच्चों को आवश्यकता अनुसार पौष्टिक आहार और स्वास्थ सुविधाएं मुहैय्या करायी जाएंगी, जिससे बच्चों से कुपोषण दूर किया जा सके। वजन त्यौहार में बच्चों का वजन लेकर उनका पोषण स्तर ज्ञात कर सॉफ्टवेयर में दर्ज किया जा रहा है। इससे कुपोषित बच्चों का डाटा बेस तैयार होगा, जिससे कुपोषण दर कम करने हेतु कार्ययोजना तैयार करने में सुविधा होगी।

मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता के लिए छत्तीसगढ़ को एक्सीलेंस अवार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना महामारी काल में भी छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्वास्थ्य सेवाओं का लोहा मनवाया है। पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया संस्था द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ को कोरोना काल में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए एक्सीलेंस इन मेन्टल हेल्थ अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। राज्य को यह पुरस्कार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जा रहा है। संस्था के अनुसार मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं को राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुँचाने के लिए राज्य द्वारा किए गए वृहद् प्रयास प्रशंसनीय हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में राज्य स्तरीय नवाचार चैम्प प्रोजेक्ट के अंतर्गत 1400 से अधिक मेडिकल ऑफ़िसर्स और ग्रामीण चिकित्सा सहायकों को देश की उत्कृष्ट संस्था नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेज (हद्ध रू॥ हस) बैंगलोर से प्रशिक्षण कराया गया है जो सभी स्वास्थ्य संस्थाओं तक मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सभी सेवाओं को पहुँचाने में कारगर रहा है। इन प्रशिक्षित मेडिकल ऑफिसर्स और ग्रामीण चिकित्सा सहायकों की सहायता से अब तक हज़ारों की संख्या में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से प्रभावित व्यक्तियों की काउन्सलिंग की जा चुकी है।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कोविड-19 महामारी के समय जब बहुत से लोग मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे, तब विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत टेलीकम्युनिकेशन सेवा के माध्यम से उनका मनोबल बढ़ाया गया एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी मुहैया कराई गईं। नई दिल्ली में 30 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को आर्थिक मदद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा विभिन्न प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों को जिला कलेक्टर के माध्यम से आर्थिक अनुदान सहायता स्वीकृत की जाती है। ऐसे ही तीन प्रकरणों में जांजगीर चांपा जिले में 12 लाख रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता स्वीकृत की गई है।

राजस्व पुसतक परिपत्र 6-4 के तहत जांजगीर चांपा जिले की बलौदा तहसील की श्रीमती चमरीनबाई और शिवरीनारायण के श्री रामखिलावन साहू की पानी में डूबने से मृत्यु होने के कारण मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी तरह से तहसील डभरा के ग्राम चंदली निवासी श्रीमती मिथलेश यादव की मृत्यु आग में जलने के कारण होने के कारण मृतक के परिजनों को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

पालिसी में जमा रुपये वापस दिलाने का झांसा देकर 42 लाख रुपये की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। रिलायंस पॉलिसी में जमा रुपये को निकलवाने का झांसा देकर एक व्यक्ति के खाते से 42 लाख रुपये ऑनलाईन ठगी कर लेने के मामले में पुरानीबस्ती थाना पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात मोबाईल फोन धारक के खिलाफ धारा 420,34 के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार कंकालीपारा पुरानीबस्ती निवासी अमरलाल पंसारी 53 वर्ष पिता स्व.चोखेलाल पंसारी ने थाने में शिकायत दर्ज करायी थी की प्रार्थी ने सन 2015 में रिलायन्स इंश्योरेन्स से दो पालिसी लिया गया था। जिसका 4 साल तक भुगतान करने के बाद किन्ही कारणों से आगे भुगतान नही कर पाने के चलते उसे बंद करवाने के लिए ग्राहक सेवा अधिकारी रिलायंस लाईफ बीमा कंपनी शाखा रायपुर में 11 नंवबर 2018 को आवेदन दिया था। जिसके बाद विशाल भारद्वाज जिसने फोन करके बताया कि वह रिलायंस लाईफ इंश्योरेंस दिल्ली में पदस्थ है तथा पीड़ित के पालिसी का निपटारा करने उसे अधिकृत किया गय है व पालिसी बंद करवाने एवं राशि प्राप्त करने के लिए कुछ प्रोसेस करना पड़ेगा जिसके लिए कुछ रुपये जमा करने होगे हो पालिसी के रुपये में जुड़कर वापस मिल जाएंगा। जिसके बाद विशाल भारद्वारा ने कई पेत व नाम बताए उसमें प्रार्थी रुपया एवं चेक के माध्यम से भेजता गया। आरोपी के द्वारा बताए वाट्सअप नंबर भेजा जिसपर प्रार्थी द्वारा लगातार संपर्क किया जाता रहा है इस तरह से आरोपी ने प्रार्थी से करीब 42 से 43 लाख रुपये धोखाधड़ी कर ठगी कर लिया।

पूरी व इंदौर के मध्य स्पेशल ट्रेन 13 जुलाई से चलेगी

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे यात्रियो की सुविधाओ एवं मांग को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन के द्वारा इंदौर एवं पूरी के बीच 09371/09372 पूरी-इंदौर-पूरी स्पेशल ट्रेन की सुविधा पूरी से 13 जुलाई से एवं इंदौर से 15 जुलाई से स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा। यह गाड़ी पूरी तरह आरक्षित है एवं केवल कंफर्म टिकट यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति रहेगी तथा साथ ही यात्रा के दौरान कोविड-19 के नियमों का आवश्यक रूप से पालन करना होगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली 09371 पूरी-इंदौर स्पेशल ट्रेन पूरी से प्रत्येक मंगलवार को चलेगी। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 09372 इंदौर-पूरी स्पेशल ट्रेन इंदौर से प्रत्येक गुरुवार को चलेगी।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 जुलाई को

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार 10 जुलाई 2021 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, इसी अनुक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य में भी तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में 10 जुलाई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों को पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किया जाएगा। प्रकरणों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायाधीशों की नियुक्ति के साथ 322 खण्डपीठों का गठन और 40 हजार प्रकरण चिन्हांकित किए गए हैं।

लोक अदालत में पक्षकार अपने निकटस्थ व्यवहार न्यायालय, जिला न्यायालय या विधिक सेवा संस्थान से संपर्क कर अपने प्रकरणों को अपनी भौतिक उपस्थिति के अतिरिक्त वर्चुअल मोड के द्वारा भी जुड़कर अपने प्रकरणों का निराकरण करा सकते हैं। न्यायमूर्ति श्री प्रशांत कुमार मिश्रा, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार मजिस्ट्रेट को स्पेशल सिटिंग की शक्ति प्रदान की गई है, जिसके चलते मजिस्ट्रेट अपनी शक्तियों का प्रयोग कर राजीनामा के अतिरिक्त छोटे मामलों में स्वीकृति के आधार पर मामले को निराकृत कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त विशेष प्रकरणों जैसे 321 ठ्द्विड्ड] 258 ठ्द्विड्ड एवं पेट्टी आफेन्स के प्रकरणों को भी रखा जाकर निराकृत किया जाएगा।

परिवहन संघ ने निकाली यात्री बसों की बारात

किराया न बढ़ाया तो लेंगे जल समाधि

रायपुर/नवप्रदेश। आज राजधानी की सड़कों से लम्बी यात्री बसों की बारात निकली। दरअसल, लगातार पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ती ही जा रही है, लेकिन यात्री बसों का किराया नहीं बढ़ रहा है। इस बात से खासे नाराज बस मालिक, संचालक व यातायात महासंघ ने आज रैली निकल कर अपना विरोध प्रदर्शन किया। उनकी मांग है कि बस किराये में 40 प्रतिशत वृद्धि की जाए। यातायात महासंघ ने चेतावनी भी दी है कि किराया नहीं बढ़ाया गया, तो प्रदेश में बसों का संचालन 13 जुलाई से बंद कर दिया जाएगा।

सरकार के साथ कई बार बैठकों का दौर

यातायात महासंघ का कहना है कि पेट्रोल, डीजल का दाम लगातार बढ़ रहा है और कोरोना काल की वजह से बस में लोगों का आना जाना बहुत ही काम है, बावजूद बस संचालकों को पुराने किराए पर बस संचालन करने के लिए कहा जा रहा है। हालांकि इस मसले पर कई बार सरकार के साथ बैठक भी हो चुकी है।

बस संचालकों की आर्थिक स्थिति खराब

उन्होंने बताया कि 16 माह में कोरोना महामारी के कारण लॉकडाउन के चलते बसों के पहिए थमने पर अधिकांश बस आपरेटरों की आर्थिक हालत अत्यंत खराब है। उन्होंने बताया कि पड़ोसी राज्यों मध्यप्रदेश, ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार ने यात्री किराया में 25 से 35 प्रतिशत की वृद्धि की है जबकि प्रदेश शासन द्वारा अब तक कोई राहत नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में यूनियन द्वारा 29 मई को परिवहन मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया था इसके बाद भी मांग पूरी नहीं हुई है।

दुर्घटना होने पर परिवहन मंत्री होंगे जिम्मेदार

आज जिला मुख्यालय में बस संचालक,चालक, परिचालक, हेल्पर, क्लिनर परिवार सहित रैली निकालकर कलेक्टरों को ज्ञापन सौपेंगे। 12 जुलाई को बुढ़ापारा धरनास्थल में संयुक्त रूप से महाधरने का आयोजन किया गया है।

निदान | एम्स में तीन नए स्पेशल क्लीनिक प्रारंभ

आर्थराइटिस, डायबिटीज, बुजुर्गों और सिकल सेल रोगियों को मिलेगी राहत

- ■ मेडिसिन विभाग के तत्वावधान में संचालित होंगे तीनों क्लीनिक
- ■ रोगियों के लिए अलग कार्ड बनेगा, डेटा भी रहेगा, शोध पर जोर
- ■ कई अन्य विभाग में मिलकर करेंगे ऐसे रोगियों का इलाज, मिलेगी बड़ी राहत

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर ने तीन नए स्पेशल क्लीनिक प्रारंभ किए हैं। इनमें रिम्यूटोलॉजी एंड इम्योनोलॉजी, सिकल सेल क्लीनिक और बुजुर्गों के लिए जिरियाट्रिक स्पेशल क्लीनिक शामिल हैं। यह सभी क्लीनिक मेडिसिन विभाग के निर्देशन में प्रत्येक बुधवार और गुरुवार दोपहर दो से चार बजे तक संचालित होंगे। इनसे मेडिसिन विभाग में आने वाले बड़ी संख्या में रोगियों को काफी राहत मिलेगी और उन्हें इलाज के लिए लंबी लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। एम्स ऐसे रोगियों के लिए विशेष व्यवस्था कर रहा है।

निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने बताया कि मेडिसिन विभाग में सबसे अधिक रोगी पहुंचते हैं। प्रतिदिन औसतन 350 से 400 रोगी यहां इलाज के लिए आ रहे हैं। ऐसे में कुछ विशेष बीमारियों के लिए अलग से स्पेशल क्लीनिक बनाए गए हैं। यह सभी क्लीनिक जून के आखिरी सप्ताह से प्रारंभ हो गए हैं। इनमें रिम्यूटोलॉजी और इम्योनोलॉजी क्लीनिक प्रत्येक बुधवार को दोपहर दो से चार बजे तक संचालित होगा। इसमें ऑटो इम्यून डिसऑर्डर्स, आर्थराइटिस, एसएलई, नसों का दर्द और डायबिटीज जैसे रोगियों को विशेष रूप से चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इसमें डॉ. केशो नागपुरे और डॉ. जसकेतन मेहर रोगियों को परामर्श प्रदान करेंगे।

दूसरा स्पेशल क्लीनिक सिकल सेल से संबंधित होगा जो प्रति सप्ताह गुरुवार को दोपहर दो से चार बजे तक संचालित होगा। इसमें डॉ. पीएन वासनिक और डॉ. पंकज कुमार कनौजे सिकल सेल के रोगियों को परामर्श देंगे। इसमें सिकल सेल के रोगियों को ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सेवाएं शीघ्र प्रदान कर उन्हें राहत देने की कोशिश की जाएगी। प्रो. नागरकर ने बताया कि यदि सिकल सेल की बीमारी को विशेषकर बच्चों और युवाओं में शीघ्र पहचान लिया जाए तो इलाज ज्यादा लाभकारी हो जाता है।

तीसरा क्लीनिक बुजुर्गों के लिए जिरियाट्रिक क्लीनिक होगा। यह भी प्रत्येक गुरुवार को दोपहर दो से चार बजे तक संचालित होगा। इसमें डॉ. प्रणीता, डॉ. पीएन वासनिक और डॉ. गेवेश चंद देवांगन चिकित्सकीय परामर्श प्रदान करेंगे। इसमें 60 वर्ष से अधिक उम्र में होने वाले रोगों के लिए विशेष चिकित्सकीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसमें डिम्नेशिया, पार्किसंन, अल्जाइमर जैसी गंभीर बीमारियां, मांसपेशियों का कमजोर होना, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, पाचन तंत्र का कमजोर होना जैसे प्रमुख बीमारियां शामिल हैं।

प्रो. नागरकर ने बताया कि अब इन सभी रोगियों को इलाज के लिए नियमित लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। अलग क्लीनिक होने से इनकी चिकित्सकीय निगरानी प्रभावी हो सकेगी। इनके लिए अलग कार्ड बनाकर डेटा एकत्रित किया जाएगा जो भविष्य् में चिकित्सकीय शोध में प्रयोग किया जा सकेगा। इन सभी क्लीनिक में मेडिसिन के साथ पीडियाट्रिक, आर्थो, साइकेट्री, फीजियोथैरेपी जैसे विभाग भी अपनी चिकित्सकीय सहायता प्रदान करेंगे।

मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. विनय पंडित ने बताया कि मेडिसिन विभाग में प्रतिदिन आने वाले औसतन 350 से 400 रोगियों में 20 प्रतिशत इन्हीं स्पेशल क्लीनिक के रोगी होते हैं।

संपादकीय

मोदी मंत्रीमंडल का विस्तार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान अपने मंत्रीमंडल का पहला विस्तार किया है। इस बार उन्होने नए और योग्य चेहरों को तरजीह दी है, क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों का भी ध्यान रखा है। महिलाओं को भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया है। अपने मंत्रीमंडल का गठन, फेरबदल और विस्तार प्रधानमंत्री का विशेषाधिकार होता है। इस पर किसी तरह की टीका टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए। हर कप्तान को यह अधिकार होता है कि वह अपनी टीम कैसी बनाता है और उस टीम से कैसा काम लेता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मंत्रीमंडल का विस्तार करते हुए पहली बार अन्य पिछड़ा वर्ग को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। ओबीसी के 27 मंत्री बनाए गए है, एसटी एससी को भी उचित प्रतिनिधित्व दिया है। मंत्री पद के लिए ऐसे लोगों को प्राथमिकता दी गई है जो उच्च शिक्षित है। यह पहली बार है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मंत्रीमंडल से एक दर्जन मंत्रियों की छुट्टी कर दी है। केन्द्रिय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन को उन्होने मंत्री पद से हटा दिया है, जाहिर है कि कोरोनाकाल में वे स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन के कामकाज से संतुष्ट नहीं थे। यही वजह है कि उन्हे बाहर का रास्ता दिखाया गया है। इसी तरह केन्द्रिय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद को भी उन्होने मंत्री पद से हटा दिया है। इसके पीछे यही एक वजह समझ में आती है कि उन्होने ट्वीटर से पंगा तो मोल ले लिया था लेकिन इस मामले में वे कुछ नहीं कर पाए। केन्द्रिय सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर की कार्यप्रणाली से भी प्रधानमंत्री नाखूश थे इसलिए उन्हे भी हटा दिया गया है। इसके अलावा और भी जो मंत्री हटाए गए है वे अपने दायित्व के निर्वहन में पीएम मोदी की कसौटी पर खरे नहीं उतरे थे। इतनी बड़ी संख्या में मंत्रियों की छूट्टी कर के पीएम मोदी ने साफ संदेश दे दिया है कि जो मंत्री अपनी जिम्मेदारी को निभाने में असफल रहेंगे उनके लिए उनकी टीम में कोई जगह नहीं होगी। वहीं दूसरी ओर बेहतर काम करने वाले राज्य मंत्रियों को उन्होने पदोन्नत कर कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया है। किरण रिजिजू और अनुराग ठाकुर को उन्होने कैबिनेट मंत्री बनाकर प्रोत्साहित किया है। अपनी नई टीम के सदस्यों को उनके मंत्रालयों की जिम्मेदारी बांटने के साथ ही पीएम मोदी ने उन्हे नसीहत भी दी है कि वे बेहतर परिणाम देने की हर संभव कोशिश करें और भ्रष्टाचार को खत्म करने का काम जारी रखे। कुल मिलाकर पीएम मोदी ने इसी वर्ष होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखकर अपनी टीम को नया रूप दिया है, अब देखना होगा कि उनकी यह नई टीम कैसा परिणात देती है।

विचार

मैंने उतार दिया दुख का चोला

जब भी मैंने अपने जीवन पर नजर डालने या उसका विश्लेषण करने की कोशिश की है, तब मुझे ये जानकर हैरानी हुई है कि मेरी शख्सियत के कई पहलू हैं, जो अब तक मेरे लिए अनजान थे। आत्म-विश्लेषण की यह प्रक्रिया सबसे पहले शबनम नाम की शुरुआती दौर की एक फिल्म से शुरू हुई। यह वो समय था, जब मैं चौराहे पर खड़ा था और सोच रहा था कि क्या मैं कभी 'ट्रैजेडी किंग' की उपाधि को छोड़ पाऊंगा, जो मेरे साथ अटूट रूप से जुड़ गई थी। हमारी विडंबना यह है कि लोग ट्रैजेडी की तुलना भावुकता से करते हैं। मैं इसे इस तरह से देखता हूं कि एक दुखद किरदार का चित्रण केवल उदास दिखने तक या सतही विपदाओं (जैसे, महबूब से जुदाई, दिवालिया हो जाना, दोस्तों की दगाबाजी या परिवार द्वारा अस्वीकार कर दिया जाना) से तबाह होने तक सीमित नहीं है। त्रासदी से जो मेरा मतलब है, वह ग्रीक और शेक्सपियर की त्रासदियों के करीब है। मेरा मानना है कि वास्तविक त्रासदी एक तरह की उदासी की ओर ले जाती है, जो किसी आदमी की रूह में समा जाती है, जिससे आदमी भीड़ में भी अकेला हो जाता है। परंपरागत समझ के मुताबिक, जब कोई फनकार अपनी कला की गहराई में सुलगता है, तभी वह अपने क्राफ्ट को खालिस सोने में बदल पाता है। और केवल तभी वह त्रासदी के चित्रण की कोशिश करने के योग्य है। मेरा मानना है कि अगर कोई उस चश्मे से देखे, तो मेरा मामला पूरी तरह से विरोधाभासी रहा है। मुझे ऐसे समय में 'ट्रैजेडियन' घोषित कर दिया गया, जब मैं अपने हुनर को निखारने की प्रक्रिया में था। फिराक साहब का एक मिसरा मुझ पर बहुत सही लागू होता है : अक्सीर बन चला हूं, इक आंच की कसर है (मैं एक अमृत में तब्दील हो जाऊंगा, अगर थोड़ा और आंच पर तप जाऊं)। मुझ पर 'ट्रैजेर्डी ंकग' का ठप्पा समय से पहले लगा दिया गया। फिल्मों में मैंने जिस तरह के दुखद किरदारों को अदा किया है, उससे प्रभावित होकर लोग अब भी मेरे साथ हमदर्दी और गर्मजोशी से पेश आते हैं। खैर मुझे समय से पहले ही दुख का लबादा पहनना पड़ा और इसने मेरी शख्सियत को असामान्य तरीके से प्रभावित किया। मुझे लगने लगा कि शायद खुशी और कामयाबी का अनुभव करना मेरी किस्मत में नहीं है। मैं खुद को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखने लगा, जिसका वजूद दुख और पीड़ा से भरा था, जिसके जीवन में मुस्कान और हंसी के लिए कोई जगह नहीं थी। इस स्थिति ने मेरे जीवन में भयानक उथल-पुथल मचा दी और मेरे अंदर की खुशमिजाज रूह को झकझोर कर रख दिया। जब मुझे अपने अंदर के खुशमिजाज शख्स को दबाना पड़ा, तब मैं एक अजीब तरह के मनोवैज्ञानिक घुटन का शिकार हो गया। जैसे-जैसे मेरी पेशेवर छवि ने मेरे निजी जीवन पर असर डालना शुरू किया, मेरे अंदर के संघर्ष और गहरे होते चले गए।

पाकिस्तान के लिए दिलीप कुमार का दिल धड़कता था

विष्णुगुप्त

> दिलीप कुमार ही नहीं बल्कि हिंदी सिनेमा में ऐसे सैकड़ों शख्सियते रही हैं ,जिनका काम पाकिस्तान और इस्लामिक संस्कृति के प्रति हमदर्दी जताना, राष्ट्रभक्ति की कब्र खोदना और भारत विरोधी भावनाओं को स्थापित करना तथा खासकर हिंदुत्व को बदनाम करना ,लक्षित करना रहा है । भारतीय सिनेमा जगत में जानबूझकर प्रत्यारोपित तौर पर ऐसी ऐसी कहानियां गढ़ी जाती है, लिखवाई जाती हैं, जिसमें पाकिस्तान और इस्लाम के प्रति हमदर्दी हो और हिंदुत्व के प्रति खतरनाक भी हो। एरे गैरे पाकिस्तानी कलाकारों की भारतीय सिनेमा जगत में उपस्थिति का मुख्य कारण भी यही है। आज हिंदी सिनेमा जगत में विवादास्पद ग्रस्त इस्लाम के प्रति जिहाद दिखाने वाले आमिर खान शाहरुख खान,सैफअली खान आदि जो कार्य कर रहे हैं वही कार दिलीप कुमार भी अपने दौर में करते थे। शाहरुख खान, सैफअली खान, आमिर खान को भारत में डर लगता है ,भारत में असहिष्णुता दिखाई देती है, भारत की कानून व्यवस्था चौपट दिखाई देती है। भारत की संस्कृति ने विध्वंस कारी दिखाई देती है पर इन्हें इस्लाम में कोई बुराई नहीं दिखाई देती।

सच बहुत ही कड़वा होता है , अप्रिय होता है , सबको पचता नहीं है, सब को स्वीकार नहीं होता, सच बोलने वाले को बागी या नकारात्मक करार देकर अलग-थलग कर दिया जाता है , खासकर किसी की मृत्यु पर सच बोलना तो और भी गुनाह है , चाहे मृत्यु का प्राप्त शख्सियत घोर अनैतिक क्यों ना हो , दुर्दांत अपराधी क्यों ना हो , राष्ट्र द्रोही क्यों ना हो, हिंसक और बर्बर क्यों ना हो , दुश्मन देश का मोहरा मुखौटा क्यों ना हो पैरवी कार क्यों ना हो, अपने धर्म का जिहादी क्यों ना हो, मृत्यु के उपरांत उसकी बुराई नहीं, उसकी प्रशंसा की भारतीय परंपरा एक ऐसी बुराई है जिसके अधिकतर लोग सहचर है।

इस कसौटी पर हम फिल्मी हीरो दिलीप कुमार उर्फयुसूफखान को ही देखते हैं । इसमें कोई शक नहीं है कि दिलीप कुमार भारतीय हिंदी सिनेमा के एक बेजोड़ और बेहतरीन हीरो थे। अभी-अभी उनकी मृत्यु हुई है। उनकी मृत्यु पर उनके अभिनय की गाथा गाई जा रही है , उनकी प्रशंसा में लोग कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, उन्हें अति महान, अति पूज्यनीय ,अतुलनीय बताने की कोशिश जारी है । खान की प्रशंसा में लगे लोग उस भीड़ के सामान हैं जो बर्बर होती है, हिंसक होती है, अमानवीय होती है और सच से बहुत दूर होती है। युसूफ खान की कई ऐसी परती जमीन में गड़ी है , कई ऐसे पहलू है जिनके विश्लेषण से यह प्रतीत होता है कि दिलीप कुमार सही में ना तो निष्पक्ष थे और ना ही उनके लिए भारत की धर्मनिरपेक्षता महत्व रखती थी और ना ही मानवता के प्रति उनकी कोई उल्लेखनीय जिम्मेवारी थी । भ्रष्टाचार के प्रति उनकी सोच भी भ्रष्टाचारी थी, राष्ट्रभक्ति के प्रति उनकी सोच बेईमानी से जुड़ती थी, दुश्मन देश के साथ जुड़ती थी , जिहाद से जुड़ती थी। जिहादी इस्लाम के प्रति समर्पित थे । इसके एक नहीं बल्कि अनेका नेक प्रमाण है। पहले हम दिलीप कुमार की भ्रष्टाचारी चरित्र के प्रति नजर डालते हैं , पड़ताल करते हैं । अगर कोई व्यक्ति निष्पक्ष होगा, नैतिक शाली होगा, भ्रष्टाचार के प्रति सचेत और संज्ञान सील होगा, भ्रष्टाचार के खिलाफसक्रियता रखता हो तो फिर कभी भी ना तो भ्रष्टाचारी का समर्थन कर सकता है और ना ही भ्रष्टाचारी व्यक्ति का सम्मान कर सकता है । दिलीप कुमार ने अति अनैतिक

और देश को भ्रष्टाचार में डुबोने वाले, भ्रष्टाचार की शुरुआत करने वाले व्यक्ति का गुणगान किया था, उसका साथ दिया था, उसके लिए प्रचार किया था, उसे लोकसभा चुनाव में जिताने का काम किया था और महान नैतिक साली, भ्रष्टाचार विरोधी शख्सियत को चुनाव में हरवाने का काम किया था । जिस भ्रष्टाचारी को लोकसभा चुनाव में जिताने का काम किया था उस भ्रष्टाचारी का नाम कृष्ण मेनन था। कृष्ण मैनन पहला भ्रष्टाचार का घोटाला जीप घोटाला किया था।जीप घोटाला का अभियुक्त था, उसके खिलाफ पूरे देश में वातावरण बना था, राजनीति और सत्ता से दूर रखने का देश भर में अभियान चलाया था । उसे 1962 के लोकसभा चुनाव में जीतने की कोई उम्मीद नहीं थी। जवाहरलाल नेहरू बहुत चिंतित थे, उन्होंने कृष्ण मेनन को चुनाव में जीतने के लिए पैतारेबाजी दिखाई थी। दिलीप कुमार को लोभ लालच देकर कृष्ण मेनन के पक्ष में चुनाव प्रचार कराया जाता है। दिलीप कुमार के मुंह से ईमानदारी की बात कराई जाती है। दिलीप कुमार का सिनेमाई छवि काम कर जाती है ,लोगों पर जादू कर जाती है , और कृष्ण मेनन चुनाव जीत जाते हैं। नेहरू और कृष्ण मेनन के भ्रष्टाचार के प्रति आंदोलन चलाने वाले महान समाजवादी नेता कृपलानी चुनाव हार जाते हैं।

राष्ट्रभक्ति की कसौटी देखिए, राष्ट्र का हर व्यक्ति अपने राष्ट्र के प्रति भक्ति उत्पन्न करने, राष्ट्रभक्ति के लिए समर्पित रहने, राष्ट्रभक्ति की कसौटी पर देशद्रोहियों का विध्वंस करने, दुश्मन देश के प्रति नफरत करने, दुश्मन देश के हर चीज को अस्वीकार करने जो अपने देश को नुकसान करने वाले कारक होते हैं के प्रति सजग होते है। पर क्या दिलीप कुमार ने राष्ट्रभक्ति दिखाई थी, दुश्मन देश के प्रति राष्ट्रभक्ति के कर्तव्य को निभाया था, क्या राष्ट्रभक्ति के कर्तव्य सिर्फ सिनेमातक ही सीमित था। इसका भी विश्लेषण जरूरी है । दुश्मन देश पाकिस्तान भारत को पराजित करने, भारत का विध्वंस करने, भारत को इस्लामिक राष्ट्र के रूप में तब्दील करने , भारत को खंड खंड में विभाजित करने की सबसे बड़ी जिहादी प्रक्रिया चलाती है, यह भी अस्पष्ट उल्लेखनीय और दुनिया भर में कुचर्चित है। इसके लिए पाकिस्तान को भारत में बैठे हुए भारत विरोधी लोगों की जरूरत थी। खासकर हिंदी सिनेमा में पाकिस्तान परस्त लोगों को स्थापित करने और पाकिस्तान एवं इस्लाम के प्रति भारतीय सिनेमा को जिम्मेवार बनाने की अप्रत्यक्ष शख्सियतों की जरूरत थी। क्योंकि दिलीप कुमार विख्यात हो चुके थे। दिलीप कुमार का अभिनय भारत के नागरिकों के सिर पर चढ़कर बोलता था। इसलिए पाकिस्तान ने दिलीप कुमार को मोहरा बनाया और दिलीप कुमार को अपना सर्वश्रेष्ठ नागरिक पुरस्कार निशान ए पाकिस्तान दिया।

निशाने ए पाकिस्तान की अवधारणा क्या है? निशाने ए पाकिस्तान का जिहाद क्या है ? इसके प्रति पाकिस्तान की सोच क्या है ?आखिर पाकिस्तान ने इस पुरस्कार को देने के लिए क्या क्या अर्हताएं तय की थी। यह भी जानने की जरूरत है । पाहकिस्तान का यह पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार में गिना जाता है। यह पुरस्कार वैसे पाकिस्तानी नागरिकों को दिया जाता है जो पाकिस्तान के लिए सर्वश्रेष्ठ काम करता है। पाकिस्तान के इस्लामी संस्कृति के प्रति समर्पित है, पाकिस्तान के इस्लामिक जिहाद के प्रति समर्पित है और पाकिस्तान के दुश्मनों को सबक सिखाने के लिए कार्य करता है, पाकिस्तान के दुश्मनों से नफरत करता है। वैसे पाकिस्तानी नागरिकों को यह पुरस्कार मिलता है ।

अगर दिलीप कुमार पाकिस्तान के दुश्मनों से नफरत नहीं करता , पाकिस्तान के इस्लामिक संस्कृति के प्रति समर्पित नहीं होता, पाकिस्तान की इस्लामिक जिहाद की नीति के प्रति जिम्मेवारी नहीं दिखाता तो क्या यह पुरस्कार पाकिस्तान उसे देता? क्या कभी आपने सुना है के कि पाकिस्तान ने अपने विरोधियों को भी निशाने ए पाकिस्तान से नवाजा है ? पाकिस्तान से तो लालकृष्ण आडवाणी भी आए थे। बहुत सारे अन्य लोग भी पाकिस्तान से भारत आए थे , जो विभाजन की विध्वंस कारी इस्लामिक प्रक्रिया से आहत होकर भारत आए थे । क्या पाकिस्तान ने लालकृष्ण आडवाणी या अन्य शख्सियतों को निशाने ए पाकिस्तान का पुरस्कार दिया। जब आप इस प्रश्न का उत्तर तलाशने और पता करने की कोशिश करेंगे तब पता चलेगा की आखिर दिलीप कुमार को यह पुरस्कार क्यों मिला?

दहेज प्रथा के प्रति सामाजिक चेतना जगाने की आवश्यकता

अली खान

> हमारी संसद ने 2005 में महिलाओं का घरेलू हिंसा (जिसमें दहेज की मांग भी शामिल) से सरंक्षण अधिनियम-2005 पारित किया है। इस अधिनियम में महिलाओं को घरेलू हिंसा के विरुद्ध दीवानी न्याय उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इस अधिनियम के तहत न्यायालय को पीड़ित महिला को न्यायिक सुरक्षा प्रदान करने व दोषी पक्षकार को मौद्रिक प्रतितोष प्रदान करने का आदेश देने का अधिकार प्रदान किया गया है। लेकिन आज इस कानून की अनभिज्ञता के चलते कई? जिंदगियां उजड़ रही है। आज जरूरत इस बात की है कि केंद्र और राज्यों की सरकारों को लोक अदालतों, रेडियो प्रसारणों, टेलीविजन और समाचार पत्रों के माध्यम से निरंतर रूप से लोगों के बीच दहेज-विरोधी साक्षरता को बढ़ाने की सख्त दरकार है। इसके साथ-साथ सामाजिक चेतना जगाने की भी जरूरत है।

विश्व बैंक के एक अध्ययन में यह सामने आया है कि पिछले कुछ दशकों में भारत के गांवों में दहेज प्रथा काफी हद तक स्थिर रही है। लेकिन यह सामाजिक बुराई बदस्तूर जारी है। अध्ययनकर्ताओं ने 1960 से लेकर 2008 तक ग्रामीण भारत में हुई, चालीस हजार शादियों का अध्ययन किया है। उन्होंने पाया कि 95 फीसदी शादियों में दहेज दिया गया। बता दें कि यह शोध भारत के 17 राज्यों पर आधारित है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई एक विकट समस्या जो विकराल रूप धारण कर चुकी है। इस सामाजिक बुराई से निपटा जाना निहायत तौर पर जरूरी है, अन्यथा आधी आबादी का भविष्य अंधकारमय रहने वाला है।

दहेज उस धन-संपत्ति को दिया जाने वाला नाम है, जो विवाह के अवसर पर वधूपक्ष द्वारा विवाह की आवश्यक शर्त के साथ वर पक्ष को दी जाती है। दरअसल, प्राचीन काल में वधू का पिता कन्या के साथ कन्यादान के रूप में कुछ धन-संपत्ति वर को देता था, जो अपनी इच्छा के साथ और स्नेह के रूप में प्रदान किया जाता था। उसमें किसी भी प्रकार की कोई अनिवार्यता अथवा बाध्यता नहीं हुआ करती थी। धीरे-धीरे समय के साथ इस प्रथा ने एक कुप्रथा रूपी विकृत रूप अख्तियार कर लिया, जिसे दहेज नाम दिया गया।? इसमें वधू के पिता को आवश्यक रूप से धन या अन्य सामान वर को प्रदान करना पड़ता है। कई बार वैवाहिक अवसर पर यह भी देखा गया है कि वर पक्ष द्वारा विवाह मण्डप में ही वधू पक्ष से अनावश्यक धन? या महंगी वस्तु इत्यादि की मांग कर ली जाती है, जो वधू पक्ष को आर्थिक कठिनाइयों में डाल देती है।? दहेज वह कुप्रथा है, जिसने लड़की के जन्म को अभिशाप ?बना दिया है। आम-आदमी के मन-मस्तिष्क में यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर सरकार इस कुप्रथा की रोकथाम की दिशा में कोई कदम क्यों नहीं उठा रही है? बता दें कि दहेज प्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य से सन् 1961 में एक एक्ट पारित किया गया, जो दहेज निरोधक कानून-1961 के रूप में सामने आया। लेकिन जागरूकता के अभाव में यह कानून दहेज प्रथा को रोकने में मददगार नहीं हो सका। यह देश का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि आज देश की बड़ी आबादी इस कानून से कोई इत्तेफाक नहीं रखती है। बता दें कि दहेज प्रथा से संबंधित अपराधों की जांच उचित ढंग से हो, इसके लिए इसे गैर-जमानती अपराध बना दिया गया है। सरकार ने दहेज निरोधक कानून-1961 को और अधिक शक्तिशाली बनाने के उद्देश्य से 1986 में कुछ संशोधन भी किए। इस अधिनियम में दहेज लेने या देने वाले व्यक्ति या दहेज लेने या देने हेतु प्रेरित करने वाले व्यक्ति को कम से कम पांच वर्ष का कारावास या न्यूनतम पंद्रह हजार रुपए या दहेज की रकम, जो भी अधिक हो, का आर्थिक दण्ड या दोनों सजाएं न्यायालय द्वारा दिए जाने का प्रावधान है। इंडियन पेनल कोड यानी आईपीसी में एक नया अनुच्छेद 304 बी जोड़ा गया है, जिसके अनुसार यदि लड़की की मृत्यु विवाह के सात वर्ष के भीतर असामान्य परिस्थितियों में हुई हो तो इसमें पति या उसके परिवार वालों को प्रमाण देने के लिए उत्तरदायी ठहराया गया है, कि लड़की की मृत्यु दहेज हत्या नहीं है। यदि वे दहेज हत्या के दोषी पाए जाते हैं ,तो यह अधिनियम उन्हें सात वर्ष से लेकर आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान करता है। अधिनियम में दहेज निषेध अधिकारी की नियुक्ति का प्रावधान भी है। दहेज के मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से निपटाने के लिए दहेज विरोधी प्रकोष्ठ की भी स्थापना की गई है। आईपीसी की धारा 498 ए भी पत्नी को उसके पति या ससुराल वालों की ओर से दहेज हेतु प्रताड़ित करने पर दोषियों को तीन वर्ष तक की सजा का प्रावधान करती है। विश्व बैंक के शोध में यह बात भी उभरकर सामने आई है कि जो धर्म कभी दहेज प्रथा से अछूते रहे हैं, वे भी दहेज में अपनी सक्रियता दिखा रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में सिखों और ईसाइयों के बीच दहेज लेन-देन? में बेतहाशा वृद्धि हुई है। हालांकि भारत के सभी मुख्य धर्मों में दहेज प्रथा प्रचलन में है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि तमाम प्रयासों के बावजूद भी भारत में दहेज प्रथा बदस्तूर जारी है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

यहाँ वहाँ जहाँ तहां

यहाँ वहाँ जहाँ तहाँ,न पूछ ये कहाँ कहाँ, दिशा-दिशा सुगंध है कली-कली निखार है। पुकारती पिया-पिया नदी सधी सधी चले कि गीत प्रेम के सुना रही हरेक धार है।। मिठास सी घुली-घुली हवा खुली खुली चली निशा धुली-धुली लगे बड़ी भली-भली लगे, खिली-खिली सजी-सजी हरी भरी धरा लगे नवीन वेश धार के खड़ी यहाँ बहार है।।

- आशा पाण्डेय ओझा

होती है उदास पलकों

होती है उदास पलकों की कोरे भिगोती है बिछड़ कर रवि से यामिनी भी रोती है। कौंधती आकाश में दामिनी मन खोलकर चीर देती है हृदय को अवरोध सारे तोड़कर तिमिर घना जब हो उठे बिजली हिय पर वार करे धीर कैसे धर सके कोई जब अपने ही प्रतिकार करेंनिशा निस्तब्ध सी हो गयी निसदिन अश्रु खोती है बिछड़कर अपने रवि से यामिनी भी रोती है।

- सपना परिहार

खास पाती

सच में बदल रहा हूँ मैं



सच में बदल रहा हूँ मैं शायद महसूस होता है मुझे मेरा बदलाव जिसके लिए सारी सारी रात जागता था कभी अब उससे बात भी कभी कभी ही करता हूँ। पता नहीं क्यों पर ये हो रहा है पहले बेचैनी में नींद नहीं आती थी आजकल बिना मतलब नहीं आती घंटों निहारता रहता हूँ बेमतलब की चीजों को उन्हें छूना चाहता हूँ जानना चाहता हूँ पर ना जाने क्यों मेरा जमीर ही मुझे मना कर देता है कहता है तू इस लायक नहीं हुआ है अभी और फिर से वही अवसाद घेरने लगते हैं मुझको कि मैं ऐसा क्यों नहीं, ये क्यों नहीं कर सकता फिर खुद ही संभल जाता हूँ की ठीक ही तो है, जब मैं काबिल ही नहीं तो अफसोस करने का फायदा नहीं और खुद ही खुश हो जाता हूँ। नहीं मालूम मुझे क्यों पर बदल रहा हूँ मैं।

- बिट्टू पुरोहित

साज हो तुम आवाज हूँ मैं साज



साज हो तुम आवाज हूँ मैं साज हो तुम आवाज हूँ मै तो सात सुरो की सरगम है यह मधुर मधुर संगीत की, कलरव करते पझी हमको ताल दे रहे है नीड पे बैठे धुन में गाये साथ दे रहे है पानी की बूदों का सरगम सुन सुन मोर नाचा है मस्त हवा का झोका आया मन झूम झूम जाएँ, इस संगीत की धुन मे हमने महफिल खूब सजाई अब तो चलने का दिन आया होगी मधुर विदाई साज हो तुम आवाज हूँ मै तो।

- हेमा पाण्डेय

तेरे लिए पलको में शाम सजाई

तेरे लिए पलको में शाम सजाई है,दिल मे एक प्रेम लहर आयी है। आकंठ डूबी हूँ प्रेम लहर की,गहराई में जाने क्यो नज़रे शर्मायी है। मन मलंग सा बुन रहा सपने तेरे ,सपनो में तेरे संग दुनिया रचाई है। हर पल तू है संग मेरे,तेरे चारो ओर ही मैंने अपनी दुनिया बसाई है।

- रितु दुबे

रास्ते पर कंकड़ हो तो भी एक

रास्ते पर कंकड़ हो तो भी एक अच्छा जूता पहनकर उस पर चला जा सकता है... लेकिन एक अच्छे जुते के अंदर ही कंकड़ हो... तो अच्छी सड़क पर कुछ कदम चलना भी मुश्किल हो जाता है... अर्थात हम बाहर की चुनौतियों से नहीं किंतु अंदर की कमजोरियों से हार जाते हैं..!

- कुमार संतोष

स्त्रियों के लिए अब बदल गया है

स्त्रियों के लिए अब बदल गया है समाज , बदल गयी है सोच ऐसा कहने वालों से स्त्रियाँ नहीं होंगी कभी सहमत क्योंकि स्त्रीयों की स्थिति में कितना आया है बदलाव और उनके लिए कितना बदला है समाज उसे कितनी मिली है स्वतंत्रता ये बात केवल एक स्त्री ही जानती है।

- रूबी प्रसाद

समय अनन्त है और प्रेम शून्य

समय अनन्त है और प्रेम शून्य .. इसीलिए अब रुक जाना चाहता हूँ समय की बहती इस धारा में... और तटस्थ हो जाना चाहता हूँ एकांत होकर.. जहां सूर्य की किरण तक भी आसानी से न पहुँच सके !

- राज मालपाणी

माँ कविता के गोद में सन

माँ कविता के गोद में, सन उनसठ की बात । खेले हमको देखते,पिता बने थे तात ।। पिता बने थे तात, कहे वे नवीन आया । मौसम ये ऋतुराज,तनय को वसंत पाया ।। चार मार्च सौगात,मिला तब चमके सविता । ये शबरी का धाम,गुणी मेरी माँ कविता ।।

- नवीन कुमार तिवारी

QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम 'गौ रक्षा पुरस्कार' वर्ष 2002 में किसे प्रदान किया गया?
2) 'सेन्चुरी मिल्स ऑफबिड़ला' किस जिले में है?
3) छत्तीसगढ़ राज्य को धान का कटोरा कहा जाता है। यहाँ धान की उत्पादकता औसत प्रति हेक्टर कितने क्विंटल है?
4) छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सामाजिक सुरक्षा व निराश्रितों को दी जाने वाली पेंशन राशि का आधी हिस्सा किस रूप से दिये जाने का निर्णय लिया गया है?
5) मुण्डा जनजाति का युवा गृह क्या कहलाता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बालकृष्णा साहू (2) रायपुर (3) 14 क्विंटल (4) [illegible] (5) गोतिओड़ा

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1816: अर्जेंटीना ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की। 1819: सिलाई मशीन के आविष्?कारक एलायस हाउ का जन्?म। 1875: बम्बई स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना। 1925: भारतीय सिनेमा के सबसे सशक्त अभिनेताओं एवं बेहतरीन निर्देशकों में शुमार गुरु दत्त का जन्म। 1938: अपने सशक्त अभिनय से हिंदी सिनेमा को समृद्ध बनाने वाले अभिनेता संजीव कुमार का जन्म। 1951: देश में पहली पंचवर्षीय योजना (1951-56) को प्रकाशित किया गया। 1969: वन्यजीव बोर्ड ने शेर को देश का राष्ट्रीय पशु घोषित किया। 1973 में शेर के स्थान पर बाघ को राष्ट्रीय पशु घोषित किया गया। 1973: ब्रिटेन के 300 साल पुराने उपनिवेश बहामास में ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्य अस्त हुआ। 1982: तमाम सुरक्षा प्रणालियों को गच्चा देकर माइकल फागन नाम का एक शख्स ब्रिटेन की महारानी एलिज़ाबेथ के शयनकक्ष तक पहुंच गया। 1991: दक्षिण अफ्रीका को ओलंपिक खेलों में दोबारा हिस्सा लेने की अनुमति मिली। 2002: 'आर्गेनाइजेशन आफ़ अफ़्रीकन यूनिटी' का नाम बदलकर 'अफ्रीकन यूनियन' किया गया। 2004: एशियाई विकास बैंक ने आतंकवाद से लड़ने हेतु अपने 42 सदस्य देशों के लिए कोष बनाया। 2011: सूडान एक जनमत संग्रह के बाद अलग देश बन गया, 98.83 फीसदी लोगों ने अलग देश के समर्थन में वोट किया।



'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में काम करने को लेकर रोमांचित हैं धर्मेन्द्र

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के ही मैन धर्मेंद्र अपनी आने वाली फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में काम करने को लेकर रोमांचित हैं। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी की अहम भूमिका होगी। बताया जा रहा है कि धर्मेंद्र इस फिल्म में रणवीर के परिवार के फैमिली मेंबर बने है। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में काम करने को लेकर धर्मेन्द्र रोमांचित हैं। धर्मेन्द्र ने बताया कि वह इस फिल्म में एक रोमांटिक किरदार निभाने जा रहे हैं जिसे लेकर वह बेहद खुश हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में धर्मेंद्र के अपोजिट जया बच्चन नजर आएंगी। धर्मेंद्र अगस्त से इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। गौरतलब है कि करण जौहर निर्देशित, हीरू यश जौहर, करण जौहर और अपूर्व मेहता द्वारा निर्मित, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के स्टूडियो पार्टनर वायकॉम 18 है। फिल्म की कहानी और पटकथा इशिता मोइत्रा, शशांक खेतान और सुमित रॉय द्वारा लिखित, संवाद इशिता मोइत्रा ने दिए है। यह फिल्म 2022 में रिलीज होगी।

ईशा देओल करेंगी डिजिटल डेब्यू

अजय देवगन की 'रुद्रः द एज ऑफडार्कनेस' में आएंगी नजर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल 'रुद्रः द एज ऑफ डार्कनेस' से डिजिटल डेब्यू करने जा रही है। धर्मेन्द्र और हेमा मालिनी की पुत्री ईशा देओल जल्द ही डिजिटल डेब्यू करने वाली हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि वह जल्द ही अजय देवगन की अपकमिंग वेब सीरीज रुद्र द एज ऑफ़ डार्कनेस में नजर आएंगी। ईशा देओल ने ट्वीट में लिखा,' रुद्र मेरी पहली वेब सीरीज है और वो भी इतने शानदार अभिनेता अजय देवगन के साथ, जो कि फिल्मों में मेरे को-स्टार रह चुके हैं।' ईशा ने कहा, 'मैं इस सीरीज से जुड़कर बेहद खुश हूं। मैं किसी ऐसे ही प्रोजेक्ट से जुड़ना चाहती थी, जिससे मुझे बतौर एक्टर कुछ नया एक्सप्लोर करने का मौका मिले। लंबे समय बाद अजय देवगन के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं।' गौरतलब है कि अजय देवगन की अपकमिंग सीरीज 'रुद्रः द एज ऑफ़ डार्कनेस' ब्रिटिश साइकोलॉजिकल क्राइम ड्रामा सीरीज 'लूथर' का हिंदी रीमेक है । यह सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

यश कुमार एंटरटेनमेंट की तीन फिल्मों का भव्य मुहूर्त

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता यश कुमार की तीन फिल्मों का भव्य मुहूर्त किया गया। यश कुमार जल्द ही तीन बड़ी फिल्मों में नजर आने वाले हैं, जिनमें दंड नायक, बिटिया छठी माई के 2 और प्रोडक्शन नंबर 6 शामिल है। इन फिल्मों का निर्माण यश कुमार एंटरटेनमेंट के बैनर तले होगा। इन फिल्मों का भव्य मुहूर्त लखनऊ में किया गया।इन फिल्मों को लेकर यश कुमार बेहद रोमांचित नजर आये। यश कुमार ने कहा कि तीनों फिल्मों का निर्माण भव्य पैमाने पर होगा। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में उनके साथी कलाकारों में काजल राघवानी, निधी झा अनारा गुप्ता, प्रीति शुक्ला, राघव नैय्यर, नायरा, काजल सिंह, वर्षा तिवारी, सोनम तिवारी, दिव्या शर्मा, ग्लोरी मोहन्ता, विनोद मिश्रा, राधे कुमार, संजीव मिश्रा, अवनीश दूबे, अनुराग सिंह, धनंजय सिंह, साहिल शेख, आर्यन,नौशाद शेख चाइल्ड आर्टिस्ट - सोनाक्षी पाठक, सूर्या पाठक होंगे। सभी इन फिल्मों को लेकर उत्साहित हैं। यश कुमार ने कहा कि दंड नायक, बिटिया छठी माई के 2 और प्रोडक्शन नंबर 6 सभी फिल्में एक से बढ़कर एक होगी। सभी सामाजिक संस्कारों वाली फिल्म होगी। इसका गीत-संगीत लोगों को बेहद पसंद आयेगा। फिल्म को लेकर सारी तैयारियां की गई है। दंड नायक एक नये कंसेप्ट की फिल्म है, वही बिटिया छठी माई के की सफलता के बाद हमने इसे दूसरे पार्ट को प्लान किया और अब इसी शूटिंग हो रही है।

अस्पताल से वापस घर लौटे नसीरुद्दीन शाह

मुंबई।बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह अस्पताल से घर वापस लौट आए हैं। इस बात की जानकारी उनके बेटे विवान ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरों के माध्यम से दी हैं। तस्वीर में नसीरुद्दीन के साथ रत्ना पाठक शाह भी नजर आ रही हैं। दरअसल बुधवार की सुबह नसीरुद्दीन शाह अस्पताल से घर वापस लौट आए हैं। विवान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पिता की दो तस्वीरें शेयर की हैं। याद दिला दें कि नसीरुद्दीन का निमोनिया का ट्रीटमेंट चल रहा था। नसीरुद्दीन शाह के फेफड़ों में पैच पाया गया था जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। हालांकि अब वो ठीक हैं और घर वापसी कर चुके हैं। बीते साल नसीरुद्दीन शाह के बीमार होने की अफवाह उड़ी थी। उनके बेटे विवान ने इन अफवाहों को खारिज किया था। 30 अप्रैल 2020 को विवान ने ट्वीट किया था, 'सब ठीक है, बाबा अच्छे हैं। उनकी सेहत से जुड़ी सारी अफवाहें झूठी हैं। वह ठीक हैं और इरफान भाई और चिंटू जी के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।



न्यूज गैलरी

संपत्ति जब्त किये जाने के संबंध में फ्रांस की अदालत से कोई नोटिस नहीं मिला: सरकार

नई दिल्ली (वार्ता)। केयर्न एनर्जी के साथ जारी कर विवाद में मामले में फ्रांस में भारत सरकार की संपत्ति जब्त किये जाने की खबरों के बीच सरकार ने आज यहां कहा कि इस संबंध में वहां की किसी अदालत की ओर से कोई नोटिस या सूचना नहीं मिला है। मीडिया में ऐसी खबरें आ रही है कि केयर्न एनर्जी ने पेरिस में स्थित भारत सरकार की संपत्तियों को जब्त कर लिया है। इस पर वित्त मंत्रालय ने यहां जारी बयान में कहा कि पिछले वर्ष दिसंबर में हेग कोर्ट ऑफ अपील में अतंरराष्ट्रीय मध्यस्था के तहत केयर्न एनर्जी के पक्ष में सुनाये गये निर्णय को भारत सरकार ने 22 मार्च 2021 को चुनौती दी है और हेग के निर्णय को पटलने के लिए पुरजोर तरीके से अप पक्ष रखेगी।यह भी कहा गया है कि केयर्न के मुख्य कार्यकारी अधिकी और प्रतिनिधियों ने इस मुद्दे के समाधान के लिए सरकार से अपली की है। इस दिशा में सकारात्मक चर्चायें हुयी है और सरकार देश के कानून के दायरे में इस विवाद के समाधान के लिए तैयार है।

राजस्व घाटा पूरा करने के लिए 17 राज्यों को 9871 करोड़ रुपये की राशि जारी

नई दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने निर्धारित धनराशि हस्तांतरित करने के बाद होने वाले राजस्व घाटे (पीडीआरडी) को पूरा करने के लिये कल राज्यों को 9,871 करोड़ रुपये की चौथी किस्त जारी कर दी। इस किस्त के जारी होने के साथ मौजूदा वित्त वर्ष में पीडीआरडी के तौर पर पात्र राज्यों को कुल 39,484 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग के अनुसार राज्यों को संविधान के अनुच्छेद 275 के तहत पीडीआरडी अनुदान प्रदान किया जाता है। पंद्रहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार राज्यों को मासिक किस्त के तौर पर अनुदान दिया जाता है, ताकि राज्यों की आय और व्यय के बीच के अंतराल को पूरा किया जा सके। आयोग ने सिफारिश की थी कि 2021-22 के दौरान 17 राज्यों को पीडीआरडी अनुदान दिया जाये। यह अनुदान प्राप्त करने के लिये कौन से राज्य पात्र हैं, इसका फैसला वित्त आयोग करता है। वह राज्यों की आय और खर्च के अंतराल को आधार बनाकर फैसला करता है।

100वीं ग्रास कोर्ट जीत के साथ जोकोविच सेमीफाइनल में

लंदन (वार्ता)। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने हंगरी के मार्टन फुक्रसोविक्स को बुधवार को लगातार सेटों में हराकर वर्ष के तीसरे ग्रैंड स्लेम विम्बलडन टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि 20 ग्रैंड स्लेम खिताबों के बादशाह स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर 14वीं सीड पोलैंड के ह्यूबर्ट हुर्काज से लगातार सेटों में पराजित होकर बाहर हो गए। छठी सीड फेडरर को हुर्काज ने एक घंटे 49 मिनट में 6-3, 7-6, 6-0 से हराकर अपने करियर में पहली बार किसी ग्रैंड स्लेम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। हुर्काज का इससे पहले ग्रैंड स्लेम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इसी टूर्नामेंट में 2019 में तीसरे दौर में पहुंचना रहा था। इससे पहले जोकोविच ने अपनी 100वीं ग्रास कोर्ट जीत दर्ज की । पांच बार के विजेता और गत दो बार के चैंपियन जोकोविच ने दो घंटे 17 मिनट तक चले मुकाबले में फुक्रसोविक्स को 6-3, 6-4, 6-4 से हराकर 41 वीं बार किसी ग्रैंड स्लेम टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनायी जहां उनका मुकाबला 10वीं सीड कनाडा के डेनिस शापोवालोव से होगा जिन्होंने 25वीं सीड रूस के कारेन खाचानोव को पांच सेटों के मैराथन मुकाबले में तीन घंटे 26 मिनट में 6-4, 3-6, 5-7, 6-1, 6-4 से पराजित कर पहली बार किसी ग्रैंड स्लेम के सेमीफाइनल में जगह बना ली। शापोवालोव इससे पहले पिछले साल यूएस ओपन के क्वार्टरफाइनल तक पहुंचे थे। जोकोविच के खिलाफ फुक्रसोविक्स ने मैच तो लगातार सेटों में गंवाया लेकिन इस दौरान उन्होंने कुछ अच्छे शॉट्स खेलकर दर्शकों को तालियां बजाने के लिए मजबूर किया। पहली बार किसी ग्रैंड स्लेम के क्वार्टरफाइनल में खेल रहे फुक्रसोविक्स की गर्ल फ्रेंड भी यह मैच देखने के लिए दर्शकों के बीच मौजूद थीं लेकिन उनके पास वैसा खेल नहीं था जो जोकोविच को रोक पाता। जोकोविच ने मैच जीतने के बाद अपने निराले अंदाज में दर्शकों का अभिवादन किया। जोकोविच की इस सत्र में 35 मैचों में यह 32वीं जीत थी। इन जीत में ऑस्ट्रेलियन ओपन और फ्रेंच ओपन के खिताब शामिल हैं। जोकोविच 10 वीं बार विम्बलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं और इस क्रम में वह स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर (13 बार) और अमेरिका के जिमी कोनर्स (11 बार)के बाद तीसरे नंबर पर आ गए हैं।

ओलंपिक 2020 के मेजबान टोक्यो में 12 जुलाई से लागू होगा आपातकाल

टोक्यो (वार्ता/स्पूतनिक)। ओलंपिक खेलों 2020 के मेजबान शहर टोक्यो में कोरोना वायरस के मद्देनजर 12 जुलाई से आपातकाल लागू किया जाएगा जो 22 अगस्त तक प्रभाव में रहेगा। इस दौरान टोक्यो में 23 जुलाई सेओलंपिक खेलों का आयोजन होना है। स्थानीय प्रसारणकर्ता एनएचके ने जापान के अर्थव्यवस्था मंत्री यासुतोशी निशिमुरा के एक बयान का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है, जो कोरोना रिस्पोंस के प्रभारी भी हैं। चार अन्य प्रांतों ओसाका, सैतामा, चिबा और कानागावा में एहतियातन उपायों में वृद्धि के चलते आपातकाल की अवधि को बढ़ाया जा रहा है।

निलंबित सीईओ के आरोपों के बाद आईसीसी ने बुलाई आपात बोर्ड बैठक

दुबई (वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को अपनी आपातकालीन बोर्ड की बैठक बुलाई है। आईसीसी ने अपने निलंबित मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मनु साहनी की ओर से उस पर लगाए गए एकतरफा, गैर-पारदर्शी और अनुचित निर्णय लेने के आरोप के बाद यह बैठक बुलाई है। साहनी को इस साल मार्च में प्राइसवाटरहाउसकूपर (पीडब्ल्यूसी) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा की गई समीक्षा के बाद छुट्टी पर रखा गया था, जिसमें उन पर कदाचार का आरोप लगाया गया था। दरअसल साहनी ने उन्हें निलंबित किए जाने के बाद आईसीसी के निदेशकों को ई-मेल के जरिए भेजे एक पत्र में कहा था कि विश्व निकाय ने आईसीसी बोर्ड की अखंडता को कम करके और उनके प्रति छोटा और प्रतिशोधी दृष्टिकोण अपनाकर एक बेहद खराब मिसाल कायम की है। समझा जाता है कि इस मेल के बाद आईसीसी ने बोर्ड की बैठक निर्धारित की है। आईसीसी फिलहाल आधिकारिक तौर पर एक स्थिति बनाए हुए है कि वह इस प्रक्रिया के पूरा होने

हरदीप सिंह पुरी ने पेट्रोलियम मंत्रालय का कार्यभार संभाला

नई दिल्ली (वार्ता)। कैबिनेट मंत्री के रूप में बुधवार को शपथ लेने के बाद श्री हरदीप सिंह पुरी ने आज पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया।

श्री पुरी आज दोपहर बाद पेट्रोलियम मंत्रालय पहुँचे,जहाँ मंत्रालय के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने कार्यभार सँभालने की औपचारिकताएँ पूरी कीं। कार्यभार सँभालने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुये श्री पुरी ने कहा कि उनका लक्ष्य देश के प्राकृतिक गैस का उपयोग और कच्चे तेल एवं गैस का उत्पादन बढ़ाकर ऊर्जा के मामले में देश को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2030 तक देश की कुल ऊर्जा खपत में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। वह इसे पूरा करने के लिए काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल और गैस का उत्पादन बढ़ाने के लिए उनका मंत्रालय प्रयास करेगा, ताकि देश को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

केंद्रीय मंत्रिपरिषद् में कल की फेरबदल से पहले श्री पुरी के आवास एवं शहरी मामले मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार था। उन्हें कैबिनेट मंत्री के रूप में आवास एवं शहरी मामले के साथ पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की जिम्मेदारी दी है।

रूपया नौ पैसे टूटा

मुंबई (वार्ता)। बैंकों की ओर से डॉलर की माँग आने से अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में आज रुपया नौ पैसे टूट गया और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 74.71 रुपये का मिला। भारतीय मुद्रा तीन दिन में 40 पैसे टूट चुकी है। मंगलवार को यह सात पैसे की गिरावट के साथ 74.62 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। रुपये पर आज शुरू से ही दबाव रहा। यह 13 पैसे लुढ़ककर 74.75 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और दिन भर 74.66 रुपये प्रति डॉलर और 74.84 रुपये प्रति डॉलर के दायरे में रहा। कारोबार की समाप्ति पर रुपया नौ पैसे की गिरावट के साथ 74.71 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबारियों ने बताया कि रिजर्व बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से आज डॉलर खरीदा जिससे बाजार में अमेरिकी मुद्रा की माँग बढ़ गई और रुपया कमजोर हुआ।

वाहनों की खुदरा बिक्री में सुधार

नई दिल्ली (वार्ता)। घरेलू बाजार में वाहनों की खुदरा बिक्री में जून में सुधार देखा गया और एक साल पहले की तुलना में बिक्री करीब 23 प्रतिशत बढ़ गई। सबसे अधिक तेजी वाणिज्यिक और यात्री वाहनों की बिक्री में देखने को मिली। ऑटोमोबाइल डीलर संघों के महासंघ (फाडा) द्वारा आज जारी आँकड़ों के अनुसार, जून में यात्री वाहनों की बिक्री 43.45 प्रतिशत बढ़कर 1,84,134 इकाई पर और वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 236.19 प्रतिशत बढ़कर 35,700 इकाई पर पहुँच गई। वाहनों की कुल बिक्री 12,17,151 इकाई रही जो जून 2020 की तुलना में 22.62 प्रतिशत अधिक है। दुपहिया वाहनों की बिक्री 16.90 प्रतिशत बढ़कर 9,30,324 इकाई पर और तिपहिया की बिक्री 21.98 प्रतिशत बढ़कर 14,732 इकाई पर पहुँच गई। ट्रैक्टरों की बिक्री 14.27 प्रतिशत की वृद्धि के साथ जून 2021 में 52,261 इकाई रही। एक साल पहले की तुलना में वाहनों की बिक्री हालाँकि बढ़ी है, लेकिन अभी यह कोविड-पूर्व स्तर पर नहीं पहुँची है। जून 2019 के मुकाबले जून 2021 में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री 28.32 प्रतिशत कम रही।

अतिरिक्त समय में डेनमार्क को हरा कर इंग्लैंड यूरो 2020 के फाइनल में

लंदन (वार्ता)। विश्व की नंबर चार की फुटबॉल टीम इंग्लैंड यहां बुधवार को वेम्बले स्टेडियम में दूसरे सेमीफाइनल में डेनमार्क को अतिरिक्त समय में 2-1 से हरा कर पहली बार यूईएफए यूरो 2020 के फाइनल में पहुंच गई है। वेम्बले स्टेडियम में ही 11 जुलाई होने वाले फाइनल में अब उसका मुकाबला एक बार के यूरो विजेता इटली से होगा। इंग्लैंड और डेनमार्क के बीच कांटे का मुकाबला हुआ। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने टीम को शुरुआती बढ़त दिलाने के लिए जी जान लगा दी और मैच के 30वें मिनट में डेनमार्क के मिकेल डैम्सगार्ड ने पेनल्टी को गोल में तब्दील किया और टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई, लेकिन इंग्लैंड की टीम भी पीछे नहीं रही। इस बढ़त को बराबरी पर लाने के लिए टीम के खिलाड़ियों ने खून पसीना एक कर दिया, जिसका फल इंग्लैंड की टीम को 39वें मिनट में ही मिला, जब डेनमार्क के सेंटर बैक साइमन कजेर ने गेंद को खुद अपने ही गोलपोस्ट में डाल दिया।

उथल-पुथल निफ्टी 0.96 फीसदी लुढ़ककर कारोबार की समाप्ति पर 15,727.90 अंक पर बंद हुआ

शिखर से फिसला शेयर बाजार, सेंसेक्स 486 अंक टूटा

मुंबई (वार्ता)। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले फेरबदल के बाद घरेलू शेयर बाजारों में आज गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स रिकॉर्ड स्तर से करीब एक प्रतिशत फिसलकर 53 हजार अंक से नीचे आ गया।

सेंसेक्स 485.82 अंक यानी 0.92 प्रतिशत टूटकर 52,568.94 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 151.75 अंक यानी 0.96 फीसदी लुढ़ककर कारोबार की समाप्ति पर 15,727.90 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली कम रही। बीएसई का मिडकैप 0.37 फीसदी की गिरावट के साथ 22,674.31 अंक पर और स्मॉलकैप 0.09 प्रतिशत गिरकर 25,775.12 अंक के ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

विदेशी बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों ने भी घरेलू बाजार में निवेश धारणा को प्रभावित किया। धातु, बैंकिंग, वित्त, ऑटो, स्वास्थ्य, ऊर्जा और तेल एवं गैस समूहों की कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। बिजली और यूटिलिटीज को छोड़कर अन्य सभी समूहों के सूचकांकों में नरमी रही।

सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों में गिरावट और शेष सात में तेजी रही। टाटा स्टील का शेयर सर्वाधिक 2.30 प्रतिशत टूटा। सनफार्मा में 1.96 फीसदी, भारतीय स्टेट बैंक में 1.88 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक में 1.83 फीसदी, डॉ. रेड्डीज लैब में 1.65 फीसदी और कोटक महिंद्रा बैंक में 1.64 फीसदी की गिरावट रही। हिंदुस्तान यूनिलिवर का शेयर 1.33 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस का 1.30 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक का 1.18 प्रतिशत और एक्सिस बैंक का शेयर 1.08 प्रतिशत लुढ़क गया। टेक महिंद्रा में 1.32 प्रतिशत की तेजी रही। विदेशों में लगभग सभी प्रमुख बाजारों के शेयर टूट गये। एशिया में हांगकांग का हैंगसेंग 2.89 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.99 प्रतिशत, जापान का निक्केई 0.88 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.79 प्रतिशत लुढ़क गया। यूरोप में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफ्टीएसई 1.82 प्रतिशत और जर्मनी का डैक्स 1.59 फीसदी कमजोर हुआ। सेंसेक्स 10.93 अंक चढ़कर 53,065.69 अंक पर खुला, लेकिन कुछ ही देर में लाल निशान में चला गया। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 53,103.03 अंक रहा। चौतरफा बिकवाली के दबाव में इसका ग्राफ लगातार नीचे की ओर गिरता गया। कारोबार की समाप्ति से पहले 52,428.84 अंक तक उतरकर सेंसेक्स आखिरकार गत दिवस की तुलना में 0.92 प्रतिशत नीचे 52,568.94 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई में कुल 3,330 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ।

छत्तीसगढ़ के वाहन व्यापार में जबरदस्त रिकवरी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर ऑटोमोबाईल डीलर्स एसोसियेषन (राडा) के अध्यक्ष श्री मनीश राज सिंघानिया ने बताया कि करोना पार्ट-2 के कारण छ.ग. में लॉकडॉउन अप्रेल व मध्य मई माह 2021 तक लागू रहा तदोपरांत व्यापार धीरे-धीरे अलग-अलग जिलों में चालू हुआ। मई माह में बमुष्किल कुछ ही जिलों में ऑटोमोबाईल व्यवसाय चालू हो पाया था। कुछ जिलों में व्यापार करने की व्यवस्था बनी जिसमें कुल 7308 वाहनों की बिक्री हुई। जुन माह में करीब 80-90 प्रतिषत जिलों का व्यापार खुल गया और लगभग पूरे माह प्रदेष में कुल 39376 वाहनों की बिक्री दर्ज की गयी।

सोर्स-वाहन 4 : मई 2021 से जून 2021 की तुलना करने पर प्रदेश में 439 प्रतिषत की बिक्री दर्ज की गई जिसमें साफ तौर पर यह दिखता है कि हमारा प्रदेष की मूलभूत औद्योगिक एवं कृशि व्यवसाय के अच्छा होने के कारण इतनी तेजी से व्यापार सुचारू रूप से चालू हो पाया है।

सोर्स-वाहन 4 : जून 2020 की तुलना जून 2021 से करने पर लगभग 19 प्रतिषत की वाहन व्यापार में बढ़ोत्तरी वाहन पंजीयन के माध्यम से दर्ज की गई। राड़ा अध्यक्ष श्री मनीश राज सिंघानिया जी ने बताया कि राज्य की अर्थ व्यवस्था एवं राज्य सरकार की लगातार ग्रामीण व कृशि पर जोर देते हुए जो नीतियॉ बनाई गई, उसी के फलस्वरूप यह ग्रोथ आई है, साथ ही साथ बाजार में वाहन फायनेंस की उपलब्धता, पब्लिक ट्रांसपोर्ट का कम होना व लोगों का जागरूक होना की स्वतः के वाहन में सफर करना लाभप्रद है। इन्ही सब कारणों से वाहन व्यापार में ग्रोथ दर्ज हो रही है।

नवप्रदेश

शासन द्वारा सिकोसा में संक्रमित बीमारी से बचाव के लिए लगाया गया टीकाकरण शिविर

गुंडरदेही । गुंडरदेही के ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकोसा में आज शासन निर्देशानुसार द्वारा संक्रमित बीमारी कोविड-19 से बचाव के लिए लगाया गया टीकाकरण शिविर जिसमें सबसे ज्यादा महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया आज महिलाओं के इस प्रकार कोविड-19 संक्रमण बीमारी के बचाव से बचने के लिए जो विचार बनाया है वह बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय इसी प्रकार हर व्यक्ति को इस महामारी से बचाव के लिए वैक्सीन टीकाकरण लगवाना अनिवार्य है आज शासन द्वारा जागरूकता अभियान छत्तीसगढ़ के सभी जगहों पर यह अभियान की शुरुआत की गई है जिससे आज लोगों में यह जागरूकता आई जिससे लोगों में जागरूक होकर लोगों को प्रेरणा मिले आज सिकोसा पंचायत मैं वैक्सीन टीकाकरण का शिविर लगाया गया जहां सरपंच आरोप चंद्राकर का कहना है कि शासन के निर्देशानुसार हमारे पंचायत में कोविड-19 संक्रमित बीमारी से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाना अनिवार्य है या जागरूकता अभियान हमारे द्वारा कई बार चलाई गई है और साथ में ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी यह अभियान को चला रहे हैं और चलाते रहेंगे जिसस लोगों में जागरूकता फैले और अपने आप को इस बीमारी से बचा सके वहीं पंचायत सचिव आशीष शुक्ला का कहना है कि हमारे पंचायत में जो जागरूकता आई है यह देख कर और अन्य गांव के लोगों में भी टीकाकरण लगाने और संक्रमित बीमारियों से बचने के लिए दूर-दूर से हमारे पंचायत सिकोसा में टीकाकरण लगवाने पहुंच रहे हैं लगभग हमारे पंचायत में आज 200 से लेकर 400 तक लोगों को टिका लगवाया गया इससे यह लग रहा है कि शासन के चलाया गया अभियान वह लोगों के बीच जागरूकता आई।

महंगाई के विरोध में कांग्रेसियों ने समोदा पेट्रोल पंप में दिया धरना प्रदर्शन

खरोरा। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग के निर्देशानुसार समोदा जोन द्वारा देश में पेट्रोल/डीजल/रसोई गैस/दाल/खाद्य तेल तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की आसमान छूती कीमतों के विरोध में केंद्र की मोदी सरकार के ख़िलाफ़नगर पंचायत समोदा पेट्रोल पंप पर लोगों से हस्ताक्षर कराते हुए धरना प्रदर्शन कर विरोध दर्ज़ किया।

कमला महिला महाविद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय प्लॉस्टिक फ्री डे

राजनांदगांव। शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव के एनसीसी पर्यावरण एवं क्रीड़ा विभाग के द्वारा प्राचार्य के मार्गदर्शन में ऑनलाईन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के उद्घाटन उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने प्लास्टिक प्रदूषण को वैश्विक आपदा बताया एवं कहा कि यह प्रकृति की देन नहीं बल्कि मानव निर्मित आपदा है। हमें अपने रोजाना उपयोग में प्लास्टिक चीजों का कम से कम उपयोग करना चाहिए एवं इसके विकल्प के बारे में सोचना चाहिए, जैसे कि प्लास्टिक बैग के स्थान पर पेपर या कपड़े का बैग उपयोग में लाना चाहिए क्योंकि, प्लास्टिक को नष्ट होने में वर्षो लग जाते है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में डॉ. सुषमा तिवारी, सहायक प्राध्यापक ने प्लॉस्टिक से होने वाले नुकसान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज हम सुविधा भोगी हो गए है और प्लॉस्टिक का उपयोग कर रहे है जो न सिर्फप्रकृति अपितु जानवरों व मनुष्यों के लिए बहुत घातक सिद्ध हो रहा है। सुश्री रेणु त्रिपाठी, एनसीसी अधिकारी ने जानकारी दी।

अवैध शराब, सट्टा, जुआ पर शिकंजा कंसने रहेगी पहली प्राथमिकता

- यातायात व्यवस्था भी होगी दुरूस्त- एसपी सदानंद

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। नक्सलियों के गढ़ से बालोद जिले की जिम्मेदारी सम्भालने पहुंचे नये पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी थाना चौंकी प्रभारियों की मिटिंग आयोजित कर उनसे मुलाकात की। नये एसपी सदानंद ने कहा कि उनकी सबसे पहली प्राथमिकता अवैध रूप से बिक रहे शराब, सट्टा, जुआ पर लगाम लगाने भरपूर प्रयास किया जायेगा। साथ ही यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने, अपराध नियंत्रण करने, अपराध घटित होने पर जल्द अपराधियों को पकड़े, महिला सुरक्षा, बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात उन्होने कही। ग्रामीण स्तर पर पुलिस सूचनातंत्र को मजबूती देने बीट पुलिसिंग के तहत गांव के कोटवारों की बैठक आयोजित करने की बात पुलिस कप्तान सदानंद कुमार ने की।

डीजीपी की फटकार के बाद एसपी हुए सख्त

दो पहले छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक ने छत्तीसगढ़ के सभी एसपी की वर्चुअल मीटिंग आयोजित की। इस दौरान अपराधों पर लगाम लगाने सख्त निर्देश भी दिये। लेकिन मीटिंग के बीच में बालोद जिले में सट्टा, जुआ सहित अवैध कार्या को लेकर एसपी को फटकार लगाई थी। जिसके बाद बालोद जिले के नये एसपी सदानंद कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को सट्टा, जुआ के खिलाफ सख्ती बरतने के निर्देश दे दिये हैं। जिस पर एसपी ने कहा कि पुलिस महानिदेशक ने बालोद जिले को लेकर जो बात कही है। उस पर पहले काम किया गया है....जिस जगह अवैध कारोबार की सूचना मिलती है। उस आधार पर सख्ती से कार्यवाही की जायेगी।

धीरी नल-जल परियोजना : तीन दिनों तक लोगों को नहीं मिल पाता एक वक्त का पानी

- करोड़ों के प्रोजेक्ट के पोल खोल रहे है जनप्रतिनिधि
- ग्रामीणों ने परियोजना की उपयोगिता पर उठाये सवाल

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। करोड़ों रूपये खर्च करने के बाद भी अगर लोगों को दो वक्त के लिए पीने का पानी नहीं मिल पाये तो ऐसी परियोजना को आखिर क्या कहें? एक सफेद हाथी की तरह ही है धीरी नल-जल परियोजना, जहां करोड़ों रूपयों खर्च करने के बाद भी लोगों को तीन-तीन दिनों तक पीने का पानी नही मिल रहा है, जबकि परियोजना की शुरूआत में अफसरों ने जो रिपोर्ट तैयार कर छग शासन का सौंपी, उस रिपोर्ट में तत्कालिक नेताओं को ऐसे नेताओं को सब्जबाग दिखाया, कि वे भी इस परियोजना को हरी झंडी देने में देर नहीं लगाई। बावजूद इस परियोजना को लेकर हालत ये बन रहे है कि लोग इसकी उपयोगिता को लेकर भी सवाल उठा रहे है।

पीएचई विभाग की तानाशाही मनमानी के चलते धीरी नल जल समूह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते नजर आ रही है। योजना लगभग 28 करोड़ की है, इस योजना के अंतर्गत पीएचई विभाग के द्वारा 24 गांव के ग्रामीणों को घर-घर तक पानी पहुंचाने बनाई गई थी, हाल ही के दिनों में हुई बारिश के बाद गांव का निरीक्षण किया गया, भारी बारिश होने के बाद भी अभी पर्याप्त मात्रा में पानी जमा नहीं हो पाया है, जबकि कार्यपालन अभियंता एसएन पांडे ने कहा था पर्याप्त पानी का स्टोरेज है और पर्याप्त पानी लोगों को मिल रहा है, जबकि इसकी जमीनी हकीकत पूरी तरह उल्टी है। आज भी कई गांव है, जहां नल-जल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जैसे ककरेल, कोपेडीह, मगरलोटा, इंदावानी, टैड़ेसरा, ईरा, मुढ़ीपार नवागांव, बैगाटोला आदिगांव शामिल है।

शासन की 30 साल के लिए यह नल-जल योजना को चालू किया गया था, जो कि पीएचई विभाग के उच्च अधिकारी कार्यपालन अभियंता एसएन पांडे, सहायक अभियंता ईश्वर दास वैष्णव एवं उप अभियंता तारा वैष्णव के नेतृत्व में यह कार्य को अमलीजामा पहनाया गया, अपने पूरे प्रभाव का इस्तेमाल कर जो की पूरी तरह विफल होता नजर आ रहा है। करोड़ों रुपए खर्च कर भी बारिश में भी गांव वालों को पानी उपलब्ध नहीं करा पा रहा है पीएचई विभा।

एक वक्त मिल पाता है पानी : टिंकू साहू

इस मामले को लेकर जनपद सदस्य टिंकू साहू का कहना है कि उनके क्षेत्र के लोगों को इस परियोजना इस कोई लाभ नहीं मिल पाया। करोड़ों रूपये खर्च करने के बाद लोगों को दो वक्त का पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। उनका कहना है कि शासन को इस मामले में विशेष ध्यान देकर परियोजना की जांच करानी चाहिए, ताकि लोगों को सरकार के द्वारा खर्च की गयी राशि की उपयोगिता साफ तौर पर दिखाई दे सके। इस मामले में टेड़सेरा गांव के देवलाल साहू का कहना है कि परियोजना जब से शुरू हुई है तब से अब तक लोगों को इसका सही लाभ नहीं मिल पाया है। पेयजल कभी लोगों को मिल पा रहा है कभी नहीं मिल पा रहा है। शुरूआती दौर से भी यह परियोजना विवादित रही है। अधिकारियों की मनमानी की वजह से आज इस परियोजना से गांव के लोगों को दो से तीन दिनों तक पीने का पानी नहीं मिल पाता। इस बात से यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस परियोजना कितनी सफल है।

गर्मी में भी लोग प्यासे : योगेश निर्मलकर

धीरी नल-जल परियोजना की उपयोगिता को लेकर ग्राम पंचायत बैगाटोला के सरपंच योगेश निर्मलकर का कहना है कि गर्मी के दिनों में गांवों के लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। इस परियोजना के तहत गांव के लोगों को केवल एक वक्त ही पानी मिल पा रहा है, वह भी पर्याप्त मात्रा में नहीं दिया जा रहा है। इसके चलते करोड़ों रूपयों के लागत से बनी इस परियोजना का लाभ गांव के लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

पीने तक को नहीं मिल पाता पानी : मोहसिन धनकर

इस परियोजना की सार्थकता को लेकर जनपद सदस्य मोहसिन धनकर ने भी सवाल उठाया है। उनका का कहना है लोगों को गर्मी के समय भी पानी नहीं पाता है। जनपद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों के हालत गर्मी के मौसम में काफी खराब होते है। लोगों को दो वक्त के लिए पीने का पानी नसीब नहीं होता है। इस मामले को लेकर गांव के लोगों का कहना है कि इस परियोजना का लाभ उन्हें बिल्कुल नहीं मिल पाया है। नवागांव के लोग इस परियोजना को लेकर लगातार शिकायत करते रहे है।

सट्टेबाजों से सट्टा-पट्टी व नगदी रकम बरामद

राजनांदगांव। पुलिस महानिर्देशक डीएम अवस्थी द्वारा अवैध शराब, जुआ एवं सट्टा के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने पर आदेश के परिपालन में पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रज्ञा मेश्राम एवं प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक व्हीबी नंद के निर्देशन में थाना प्रभारी विरेन्द्र चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग जगहों पर थाना स्टाफ द्वारा रेड मारकर सट्टेबाजों के विरुद्ध कार्यवाही की गई, जिसमें सट्टेबाज इम्तियाज वारसी पिता अशगर वारसी उम्र 39 साल साकिन तुलसीपुर बख्तावर चाल थाना कोतवाली जिला राजनांदगाव के कब्जे से भदौरिया चौक के पास स्थित उसके पान ठेले से नगदी 1650 रूपये व 1650 रूपये का सट्टा पट्टी, राजू देवांगन पिता दिनेश देवांगन उम्र 24 साल साकिन शंकरपुर चिखली थाना कोतवाली जिला राजनांदगाव के कब्जे से गोलबाजार से नगदी 2020 रूपये एवं 2020 रूपये का सट्टा पट्टी, राजकुमार वर्मा स्व. गोविंद वर्मा उम्र 30 साल साकिन शंकरपुर थाना कोतवाली जिला राजनांदगाव के कब्जे से ईमाम चौक से नगदी रकम 1980 रूपये एवं 1980 रूपये का सट्टा-पट्टी बरामद कर मौके पर विधिवत कार्यवाही की गई।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

अब केंद्र सरकार...

कि उसे भारत में शिकायत अधिकारी नियुक्त करने के लिए 8 सप्ताह का वक्त चाहिए। इससे पहले हाई कोर्ट ने मंगलवार को ट्विटर को दो दिनों का ही वक्त दिया था।

मिशन मोड: कोदो, कुटकी...

किए जा सकते हैं।

मिलेट्स की खेती को बढ़ावा

उत्पादन वाले गांवों में छोटी-छोटी प्रसंस्करण इकाईयां लगाई जाएं और हाईजिन का ध्यान में रखते हुए एक या दो केन्द्रों में इनके पैकेजिंग की इकाईयां स्थापित की जाएं। प्रदेश में मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने के लिए इनकी खेती और फसल कटाई के लिए मशीनरी किराए पर उपलब्ध कराने, स्थानीय एवं उन्नत किस्म के बीजों की आपूर्ति, कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से इनके उत्पादन में वृद्धि के लिए तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कोदो, कुटकी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय करने का राज्य सरकार ने निर्णय लिया है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना में भी इसे शामिल किया गया है। कोदो, कुटकी और रागी के उत्पादन वाले क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों और महिलाओं को पोषण आहार उपलब्ध कराने के लिए कोदो की खिचड़ी और रागी का हलवा दिया जा रहा है। इसके अलावा रागी लड्डू, कोदो, कुटकी मुरकु, पोहा जैसे उत्पाद भी इससे तैयार किए जा सकते हैं, जिनका उपयोग आंगनबाड़ी केन्द्रों और मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ द्वारा मिलेट के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफमिलेट रिसर्च हैदराबाद से सहयोग लेने की पहल की जा रही है।

महिला समूहों और युवाओं को मिला रोजगार

लघु वनोपजों के संग्रहण और प्रसंस्करण का काम कर रहे महिला स्व सहायता समूहों को पिछले दो वर्षों में इससे 501 करोड़ रूपए की अतिरिक्त आय हुई है। प्रदेश में समर्थन मूल्य पर खरीदी जाने वाली लघु वनोपजों की संख्या 7 से बढ़कर 52 हो गई है। इसी तरह संग्राहकों की संख्या डेढ़ लाख से बढ़कर 6 लाख से अधिक हो गई है। हर्बल उत्पादों के प्रसंस्करण में 115 गुनी वृद्धि हुई है। वर्ष 2018 में 5400 क्विंटल लघु वनोपजों का संग्रहण होता था, जो वर्ष 2021 में बढ़कर 6 लाख 21 हजार 176 क्विंटल हो गया है। हर्बल उत्पादों का विक्रय भी दोगुना हो गया है।

चुनिंदा विकासखण्डों में...

को जोड़ा जाए। उन्होंने गढ़कलेवा के व्यंजनों में कोदो, कुटकी और रागी से तैयार व्यंजनों को शामिल करने कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्पादन बढ़ने के साथ-साथ मिलेट्स के साथ मार्केटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

प्रदेश के अस्पतालों में ...

राष्ट्रीय निःशुल्क डायलिसिस कार्यक्रम के तहत अब तक आठ जिला अस्पतालों में कुल 12 हजार 933 डायलिसिस सेशन किए जा चुके हैं। इनमें से दुर्ग जिले में 3499, कांकेर में 2606, कोरबा में 1793, बिलासपुर में 1864, महासमुंद में 2370, बीजापुर में 776, सरगुजा में 14 एवं जशपुर में 11 सेशन किए गए हैं।

जशपुर और अंबिकापुर ...

सीट से विधानसभा चुनाव लड़ा और जीता था. इससे आम लोगों में उनकी पकड़ का पता चलता है. कौन हैं अखिल गोगोई अखिल गोगोई की गिरफ्तारी और रिहाई की चर्चा से पहले यह जान लेना प्रासंगिक होगा कि आखिर वह कौन हैं और उनका मामला सुर्खियों में क्यों रहा है. राज्य के जोरहाट जिले में पैदा हुए गोगोई ने वर्ष 1993 में गुवाहाटी के प्रतिष्ठित कॉटन कॉलेज में साहित्य की पढ़ाई के लिए दाखिला लिया था. साथ ही छात्र राजनीति में भी सक्रिय हो गए।

शुरुआती दौर में वे सीपीआई (एमएल) के साथ थे, लेकिन जल्दी ही उनका पार्टी से मोहभंग हो गया. वह असम के गोलाघाट जिले में संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना में चल रहे घोटाले का पर्दाफाश कर पहली बार चर्चा में आए थे. अखिल गोगोई पर्यावरण और किसान आंदोलनों से भी जुड़े रहे हैं. वर्ष 2009 में उन्होंने असम और अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती इलाके में बनने वाली लोअर सुबनसिरी जल विद्युत परियोजना का भी विरोध किया था।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 20210610040369

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक संजीव मिश्रा आ. स्व. रघुनाथ मिश्रा निवासी रायपुर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 414/15 रकबा 0.02 हें/ 2400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 20210610040193

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री आर.एल नागवंशी आ. जीवराखन नागवंशी निवासी मरोदा सेक्टर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 20/25, 24/25, 25/23 रकबा 0.020 हें/ 2400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 20210610040270

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका पूर्णिमा साहू पति गिरधर लाल साहू निवासी भटगांव बेमेतरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 59/33 रकबा 0.010 हें/ 1122 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 20210710040064

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका प्रभा यादव पति अनुपम यादव निवासी प्रेमनगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 845/118, 845/156 रकबा 0.018, 0.018 हें/ 4000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 20210710040017

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक शैलेन्द्र कुमार ठाकुर आ. एसएन ठाकुर निवासी सेक्टर-6 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 32/233 रकबा 0.018 हें/ 2000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 20210610040469

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक नागेश्वर यदु आ. अर्जुन सिंह निवासी सेक्टर-2 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 59/39 रकबा 0.0121 हें/ 1308 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 20210610040498

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक भुनेश्वर आ. बसंतराम निवासी दल्लीराजहरा जिला बालोद द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 835/32 रकबा 0.146 हें/ 1572 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 20210710040087

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक लेखुराम निर्मलकर आ. दयाराम निर्मलकर निवासी चिंगरी विनायकपुर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 52/50 रकबा 0.0092 हें/ 1000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 20210710040086

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका तारणी बंछोर पति तुकेन्द्र कुमार बंछोर निवासी आशीष नगर रिसाली द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 927/2 रकबा 0.0200 हें/ 2250 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 20210710040088

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका लोनीदेवी साहू पति प्रफुल्ल कुमार निवासी शक्ति विहार रिसाली द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 50/7 रकबा 0.0092 हें/ 990 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 06.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग धमतरी (छ.ग.)

Email ID-ee.dhamtari@nic.in Fax No.07722-235519

क्रमांक 3133/NIT-10/2021-2022/व.ले.लि. — दिनांक 03/07/2021

// निविदा आमंत्रण सूचना //

प्रथम आमंत्रण

छत्तीसगढ़ राज्य में बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किए गए ''ई'' श्रेणी पंजीयन ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र ए.ई. में प्रतिशत दर पर ब्लाक स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

1 निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 15/07/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 23/07/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 24/07/2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे

एनआईटी क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में)
T0069	धमतरी अनुविभाग के अंतर्गत पुल पुलियों का वार्षिक संधारण एवं विशेष मरम्मत कार्य (2021-22) प्रथम आमंत्रण	20.00 15000.00 300000.00
T0070	धमतरी अनुविभाग के अंतर्गत छाती एवं खरेंगा सेक्शन के आवासीय गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत कार्य (2021-22) प्रथम आमंत्रण	15.00 11300.00 300000.00
T0071	धमतरी अनुविभाग के अंतर्गत न्यायिक औवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का वार्षिक संधारण कार्य प्रथम आमंत्रण	20.00 15000.00 300000.00
T0072	कंडेल झिरिया देवरी बोदछापर ग्रामीण मार्ग के किमी 1/4, 1/6, 1/8= 6.00 किमी वार्षिक संधारण कार्य (2021-22) प्रथम आमंत्रण	14.81 11200.00 300000.00
T0074	शासकीय पोलिटेक्निक रूद्री में f-4 type एवं f-5 type आवासीय क्वाटर के विशेष मरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण	9.06 0.00 0.00
T0075	कोलियारी खरेंगा दोनर जोरातराइ मार्ग का वार्षिक संधारण कार्य प्रथम आमंत्रण 6.00 किमी वार्षिक संधारण कार्य (2021-22) प्रथम आमंत्रण	15.00 11300.00 300000.00
T0076	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना अंतर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन बोरसी पहुंच मार्ग लं. 128 मीटर द्वितीय आमंत्रण	8.58 0.00 0.00

1. एनआईटी क्र. T0069, T0070, T0071, T0072 एवं T0075 द श्रेणी के लिए हैं। 2. एनआईटी क्र. T0076 ई श्रेणी एवं मगरलोड ब्लाक के लिए है। 3. एनआईटी क्र. T0074 UED श्रेणी के लिए है। 4. निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। जिसका अवलोकन कार्यालयीन समय में संभागीय कार्यालय में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग धमतरी (छ.ग.)

जी-61877/2

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

शादी समारोह में शामिल हुई भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष

भटगांव/नवप्रदेश। भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष एवं वार्ड क्रमाक 4 पार्षद श्रीमति नवीन लीलाधर वैष्णव एवं वार्ड क्रमांक 5 की पार्षद रंजीता सुरेश रघु 7 जुलाई को भाजपा नेता जानू रघु की बहन के शादी मे शामिल होने के लिए उनके निवास पहुंची जहां महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष श्रीमति नवीन लीलाधर वैष्णव और पार्षद रंजीता सुरेश रघु ने वर वधु को शुभ आशीर्वाद प्रदान किये और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए। आपको बता दें कि श्रीमति नवीन लीलाधर वैष्णव एवं रंजीता सुरेश रघु भाजपा की कर्मठ मृदुभाषी सरल स्वाभाव की वरिष्ठ भाजपा नेत्री है। जो सब के सुख दुख और हर कार्यक्रम मे शामिल होती है साथ ही लगातार तीसरी बार पार्षद पद की चुनाव जीत कर विजयी भी हुई है।

चोरों ने दुकान के गल्ले से नगदी व चांदी के जेवर चुराए

उतई/नवप्रदेश। उतई नगर में चोरी की वारदात दिनोदिन बढ़ते ही जा रही है। बुधवार की रात को अज्ञात चोरों ने नेहरू नगर वार्ड 9 मुख्य मार्ग से लगे सिद्धेश्वरी किराना व जनरल स्टोर्स में धावा बोल दुकान के गल्ले से नगदी रकम व चांदी के जेवर चुरा लिया। दुकान मालिक को रात्रि में पड़ोसी द्वारा फोन से जानकारी दिया कि दुकान का शटर खुला हुआ है उसके बाद दुकान मालिक संतोष बम्भोले ने देखा कि दुकान का शटर किसी अज्ञात चोर ने किसी लोहे के एंगल के सहारे शटर के बीच को उखाड़ दिया है और उसके बाद चोर दुकान के अंदर घुसकर गल्ले में रखे नगदी रकम व चांदी के जेवरात को चोरी कर लिया जिसकी जानकारी रात्रि में ही थाना प्रभारी मोनिका पांडेय को दिया गया। मौके पर 112 में तैनात पुलिस कर्मी पहुचे और चोरी की घटना को देखे।दुकान मालिक संतोष बम्भोले द्वारा उतई थाने जाकर प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज कराया है।उतई पुलिस अज्ञात चोर को जल्द पकड़ने का आश्वासन देते हुए उचित कार्यवाही करने की बात कही है। इसके पूर्व नगर में आधा दर्जन से ज्यादा मोटर सायकिल, 6 नग बकरी की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा किया जा चुका है जिसका भी उतई पुलिस पता नही लगा पाई है।

नकदी रकम चोरी करने वाले चोर को पकड़ने में मिली सफलता

कवर्धा/नवप्रदेश। थाना सिटी कोतवाली कवर्धा में प्रार्थीया राजबाई कोसले पति छोटू राम कोसले उम्र 65 साल साकिन सतनामी पारा नेवारी थाना कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.) के द्वारा दिनांक- 07/07/2021 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 05/07/2021 को शाम 07.00 बजे से रात्री 08.00 बजे के मध्य किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मेरे घर का ताला तोड़कर रात्रि का फायदा उठाकर घर के अंदर घुसकर कमरे में रखे संदूक के अंदर से चांदी का गरोधी माला जिसमें 10 नग चांदी का रूपया लगा हुआ था। जिसका वजनी 10 तोला कीमती 6500/ रुपए है, तथा 01 नग सोने की पत्ती लगा माला वजनी 02 मासा कीमती 9500/ रूपये एवं नगदी रकम 41000/ रूपये कुल जुमला कीमती 57000/ रुपये को किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 497/2021 धारा 457 , 380 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी सिटी कोतवाली के द्वारा उक्त प्रकरण की जानकारी जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों को दिया गया।

सोमनी थाना को पुराने प्रकरण के निराकरण में मिली सफलता

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण, अति. पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम, नगर पुलिस अधीक्षक (प्रभारी) व्हीबी नंद के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश पर थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक शिवेन्द्र राजपूत एवं थाना स्टॉफ के द्वारा जिले में चलाये जा रहें चोरी के मामलों के निराकरण करने अभियान के दौरान वर्ष 2011 में दर्ज अपराध क्रमांक-41/11 धारा 379, 34 भादंवि में लंबे समय से फरार आरोपी मोबिन खान पिता मो. यूसुफ खान उर्फ शहजादे उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम चंदैनी थाना धनोरा जिला सिवनी (मप्र) को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई हैं।

सुपोषण का हरा रंग निखारने गांव-गांव में त्यौहार

गुब्बारे, फुल और रंगोली से सजाए गए आंगनबाड़ी केंद्र

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बच्चों, गर्भवती महिलाओं व शिशुवती माताओं में सुपोषण के लिए जिले में वजन त्यौहार का प्रभावशाली ढंग से आगाज किया गया है। इस क्रम में शून्य से पांच वर्ष तक की उम्र के बच्चों के पोषण के स्तर की जांच करने के लिए उनका वजन लिया जा रहा है। 11 से 18 वर्ष तक की बालिकाओं का हिमोग्लोबिन टेस्ट किया जा रहा है। कुपोषित बच्चों तथा एनीमिक माताओं का चिन्हांकन किया जा रहा है, ताकि शत-प्रतिशत पीड़ितों को कुपोषण से मुक्त किया जा सके। इसके साथ ही कई अन्य रोचक आयोजन किए जा रहे हैं। सुपोषण अभियान और वजन त्यौहार के दौरान जिले के गांव-गांव में बच्चे का अनिवार्य रूप से वजन कराने की अपील की जा रही है। विभिन्न माध्यमों से प्रचार भी किया जा रहा है।

वजन मशीन में बच्चे का वजन लेने पर सुपोषण अथवा कुपोषण के स्तर का पता चलता है। इसके आधार पर बच्चे को चिन्हांकित कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की देख-रेख में उन्हें विशेष पोषण आहार दिया जाता है। वजन मशीन में वजन लेते समय हरा रंग सुपोषित होने का प्रतीक है, जबकि पीला रंग मध्यम कुपोषण तथा लाल रंग गंभीर कुपोषण का संकेतक है। स्वास्थ्य बेहतर तो मिलेगा ईनाम

इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी रेणु प्रकाश ने बताया, सुपोषण अभियान में गर्भवती महिलाओं व शिशुवती माताओं की सेहत का ख्याल रखने के साथ ही विशेषकर बच्चों में सुपोषण के लिए 7 से 16 जुलाई तक जिले में वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। इसकी शुरुआत में पहले दिन जन-जन की होगी भागीदारी, वजन त्यौहार की करें तैयारी स्लोगन के साथ आंगनबाड़ी केंद्रों को गुब्बारे, फूल और रंगोली से सजाया गया तथा दीपक जलाकर बच्चों की आरती भी उतारी गई। वजन त्यौहार के दौरान वजन कराने के लिए लाए जाने वाले बच्चों को अब गुड़-चना, चिक्की और टाफियां बांटी जाएगी। इसके साथ ही स्वस्थ शिशु स्पर्धा कराई जाएगी और स्वस्थ शिशु-स्वस्थ माता को पुरस्कृत किया जाएगा। पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इन पूरे क्रिया-कलापों की सफलता के लिए जनप्रतिनिधियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा।

सुपोषण का संदेश देने का एक प्रयास ऐसा भी

सुपोषण की महत्ता के बारे में माताओं और बहनों को पंडवानी गीत के माध्यम से भी जागरूक किया जा रहा है, ताकि वह अपने बच्चों की सेहत और उनके खान-पान का विशेष रूप से ध्यान रखें। खैरागढ़ विकासखंड के जालबांधा सेक्टर अंतर्गत ग्राम बघमर्रा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती भानबती भारती जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाकर अपने चिर-परिचित अंदाज में पंडवानी गीत के माध्यम से माताओं और बहनों को वजन त्यौहार के दौरान अपने बच्चों का वजन अनिवार्य रूप से कराने का संदेश दे रही हैं। गीत के माध्यम से वह महिलाओं को इस बात के लिए जागरूक कर रही हैं कि वजन कराते समय वजन मशीन का कांटा यदि लाल रंग पर आकर ठहर जाता है तो यह बच्चे के गंभीर रूप से कुपोषित होने का संकेत है। कुपोषण दूर करने के लिए उसके खान-पान पर विशेष रूप से ध्यान दिए जाने की जरूरत है। पंडवानी गायिका श्रीमती भारती अपने गीत के माध्यम से यह भी बताती हैं कि, कुपोषण को कैसे दूर किया जा सकता है।

कलेक्टर के आदेश की धज्जियां उड़ाते कुछ दुकानदार

भाटापारा/नवप्रदेश। कोरोना काल के लिए कलेक्टर द्वारा बनाई गई गाइड लाइन का पालन शहर में होता कही नजर नही आ रहा है।शहर की प्रमुख दुकाने रात 8 बजे के बाद भी बेखौफ खुली रहती है जीन पर जनहित में कार्यवाही होना बहुत ही आवश्यक हो गया है। कोरोना अभी है या इसकी तीसरी लहर आने की सम्भावना है, इससे नगर के कतिपय दुकानदारो को कोई सरोकार नजर नही आ रहा है।

अपना व्यवसाय करते समय कलेक्टर के द्वारा जारी गाइड का उनके द्वारा कोई पालन नही किया जा रहा है वही शहर में भी खुला उल्लंघन दिखाई दे रहा है। दुकानदार ना तो स्वम् मास्क लगाने में दिलचस्पी दिखा रहे है और ना ही उनके दुकानों में आया ग्राहक मास्क लगाये मिलता है। इसके अलावा शोशल डिस्टेटिंग तो नगर से पूरी तरह ही समाप्त हो गई है। शहर के सभी बाजारों में भीड़ भाड़ नजर आ रही है। कही भी किसी प्रकार की रोका टोकी नही हो रही है। कलेक्टर के द्वारा जारी किये गए आदेश या कोरोना गाइड लाइन का पालन कराने में अब किसी भी विभाग के अधिकारीयो की दिलचस्पी नजर नही आ रही है। पूर्व में जिस तरह कुछ भय प्रशासनिक अधिकारीयो का नजर आ रहा था,वो पूरी तरह समाप्त हो गया है। बताया जाता है की पूर्व में पदस्थ एसडीएम इंदिरा देवहरी का राजनांदगांव तबादला हो गया है। वहीं पूर्व के पालिका अधिकारी आशीष तिवारी का रायपुर तबादला होने के कारण दोनों ही जगह नये अधिकारियों की पदस्थापना हो चुकी है, लेकिन उनकी उपस्थिति का अहसास फिलहाल शहर में कहीं नजर आता दिखाई नहीं दे रहा है।

कलेक्टर के आदेश को हलके में लेने वाले शहर के ये वही कुछ नामचीन दुकानदार है जो मंगलवार को गुमास्ता के तहत अपनी दुकानों का आधा शटर खोल कर व्यापार करते है जबकि मंगलवार को पूरा दुकाने गुमास्ता के तहत बन्द रखनी है। मंगलवार को अपना व्यवसाय बंद रख कर व्यापार के लिए खरीदी के लिए जाने वाले और या कलेक्टर के आदेश का पालन कर रात 8 बजे अपनी संस्था दुकान बन्द कर अपने परिवार को टाइम देने वाले दुकानदारो व्यवसायियो को इस बात को लेकर काफी नाराजगी है।

जनपद सभापति ने क्षेत्र के विकास हेतु कराई लाखों की स्वीकृति

क्षेत्र के विकास में नहीं होगी कोई कमी, विकास पहली प्राथमिकता

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक-8 के सदस्य एवं सभापति ओमप्रकाश साहू ने अपने क्षेत्र के के विकास के लिए लाखों की स्वीकृति करवाई है। गौण खनिज मद, 15वें वित्त व अन्य मद से अपने जनपद क्षेत्र के सभी गांव में लाखों रुपये के विकास कार्य हेतु कार्य स्वीकृति दिलाई है।

ओमप्रकाश साहू द्वारा अपने जनपद क्षेत्र के डुमरडीहकला में पटेल समाज हेतु सामुदायिक भवन हेतु 6.50 लाख, धौराभाठा सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख, हैंडपंप 0.78 लाख, बुंदेलीखुर्द में सीसी रोड हेतु 3.00 लाख, डोम्हाटोला स्कूल में अहाता निर्माण हेतु 5.00 लाख, स्कूल पहुंच मार्ग सीसी रोड निर्माण हेतु 05.00 लाख, बुंदेलीकला मंच निर्माण हेतु 2.00 लाख, वार्ड क्रमांक 10 में कांक्रीटीकरण हेतु 3 लाख, सीसी रोड निर्माण हेतु 6 लाख, पदुमतरा में वार्ड नंबर 15 में अहाता निर्माण हेतु 7 लाख, वार्ड नंबर 1 में महिला घाट 2.69 लाख, नवीन धान खरीदी हेतु 5 लाख, चपलाखार हेतु 5 लाख, मुक्तिधाम प्रतीक्षालय हेतु 2.50 लाख, सतनाम सामुदायिक भवन हेतु 5 लाख, हैंडपंप हेतु 1 लाख, हाईस्कूल में टंकी निर्माण हेतु 10 लाख, सार्वजनिक शौचालय के पास हैंडपंप खनन एवं पंप निर्माण 1.40 लाख, नाली निर्माण, तिलई वार्ड नंबर 6 में सीसी रोड हेतु 5.20 लाख, वार्ड नंबर 6 में

कांक्रीटीकरण हेतु 3 लाख, वार्ड नंबर 11 में 2 लाख एवं 0.60 लाख व्यावसायिक परिसर हेतु 08.50 लाख, डंगनिया वार्ड नंबर 17 में कांक्रीटीकरण 4 लाख खपरीखुर्द सीसी रोड निर्माण हेतु 02100 लाख, जिम सामग्री हेतु 1.78 लाख, चौक से स्कूल पहुंच मार्ग पर सीसी रोड निर्माण हेतु 4 लाख का कार्य स्वीकृत कराया गया है। जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जिस विश्वास से उन्हें जिताया है, वे उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं होगी।

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यशाला संगोष्ठी में बच्चों नें लिया भाग

भाटापारा/नवप्रदेश। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल खमरिया,भाटापारा में 3 जुलाई शनिवार को शाला के संचालक अश्वनी शर्मा, संदीप गोयल तथा प्रधानाचार्या श्रीमती ऋतु रजनीश के प्रयासो से भव्य कार्यशाला गैयति 2021 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रवक्ता के रूप मे ग्लोबल स्कूल, गाजियाबाद में पी जी टी अंग्रेजी के रूप में कार्यरत, सुश्री श्रेया मोहन को आमंत्रित किया गया था। शाला की प्रधानाचार्या श्रीमती ऋतु रजनीश ने उनका स्वागत किया। साथ ही साथ इस संगोष्ठी (कार्यशाला) से होने वाले लाभों से बच्चों को अवगत भी कराया। विद्यालय के गतिविधि प्रभारी श्याम बहादुर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

सरकार ने वादा किया था बिजली बिल हाफ का लेकिन यहां तो बिजली ही साफ: केशरवानी

कवर्धा/नवप्रदेश। जोगी कांग्रेस के द्वारा बिजली विभाग की विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर बिजली विभाग का घेराव करके ,राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया । जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि हमारे जिले में विद्युत विभाग की लापरवाही भ्रष्टाचार के कारण जिलावासियों को समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। एक तरफ शासन की योजना बिजली बिल हॉफ की है लेकिन जिला में बिजली ही साफ हो रही है।बिजली की कटौती में किसी साजिश की बू आ रही है ,किसानों की अधिक पैदावार न हो सके और शासन को धान खरीदना कम पड़े इस कारण जिला में खाद बीज की पूर्ति नही कर पाए है ।जिला में भ्रष्टाचार हावी है, पण्डरिया अनुभाग में टेंडर घोटाला हुआ जिसमें कार्यवाही अभी तक नही हुई है। उसी तरह किसानों को स्थाई पम्प कनेक्शन में नाम आने के बाद भी 1260 किसानों को पम्प कनेक्शन नहीं मिल पाया है।

सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को दी गई भावभीनी बिदाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विगत दिवस शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय कर्मचारियों के द्वारा सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी श्रीमती रेखा लाला (लिपिक) एवं माईकल मसीह (चतुर्थ वर्ग) को विदाई दी गई। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला उपाध्यक्ष व विभागीय उप समिति के जिला संयोजक आनंद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि वित्तीय अधिकारी सनत कुमार बंजारे की गरिमामयी उपस्थिति में हुए विदाई कार्यक्रम में शाल, श्रीफल, गुलाल व पुष्प हार तथा पुष्प गुच्छ से सेवानिवृत्त हुए साथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए यात्रा-बैग, पानी का ड्रम, मोमेन्टो व अभिनंदन पत्र आदि समस्त कर्मचारियों की ओर से स्नेह भेंट किया गया।

तीन दिवसीय वेक्सिनेशन कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं सहित शहरवासियों ने लगवाई वेक्सिन

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़ अविनाश भोई एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एल. टाण्डेकर के दिशा निर्देशन में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को कोविड-19 से सुरक्षा प्रदान करने एवं कोरोना की तीसरी लहर से विद्यार्थियों को बचाने के लिए महाविद्यालय में तीन दिवसीय वेक्सिनेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त टीकाकरण कार्यक्रम 26, 28 एवं 29 जून को महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने प्रातः 10:30 बजें से दोपहर 03 बजें तक अपनी सेवा देकर छात्र-छात्राओं सहित महाविद्यालय के आसपास एवं शहर के अन्य स्थानो से आये आम नागरिको भी कोविड-19 का टीका लगाया गया।

उक्त तीन दिवसीय टीकाकरण अभियान में महाविद्यालय के 250 से अधिक छात्र-छात्राओं ने टीका लगाया। इस टीकाकरण अभियान में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ महाविद्यालय आसपास के क्षेत्र एवं शहर के अन्य वार्डो से भी बुजुर्ग, युवा एवं महिलाओं ने आकर कोविड वेक्सिन लगाई।

उक्त टीकाकरण कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनएसएस, एनसीसी एवं रेडक्रास विभाग के प्रभारियों एवं छात्र-छात्राओं ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।

कलेक्टर ने किया बेरला क्षेत्र के ग्रामों का दौरा

बेमेतरा/नवप्रदेश। शासकीय काम काज मे कसावट लाने तथा विभिन्न शासकीय योजनाओ के क्रियान्वयन का जायजा लेने कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने बुधवार को जिले के विकासखण्ड बेरला के बाढ़ प्रभावित ग्रामों, शासकीय उचित मूल्य की दुकानों तथा धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होने ग्राम किरीतपुर एवं मुडपारखुर्द का दौरा कर पिछले वर्षों में आए बाढ़ के स्थिति का जायजा लिया एवं बाढ़ राहत की तैयारियों का निरीक्षण किया। जिलाधीश ने इस वर्ष बाढ़ आने से पूर्व ही बाढ़ प्रभावित ग्रामों में आवश्यक व्यवस्था जैसे राशन सामाग्री इमेरजेंसी टॉर्च, बाढ़ पूर्नवास स्थल, दवाईयों आदि की पूर्ति कर लिए जाने संबंधी निर्देश एसडीएम, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं बेरला को दिया गया। शासकीय उचित मूल्य की दुकान सरदा के निरीक्षण में चावल के बोरियों को तौलाकर देखा गया, जिसमें चावल की बोरियों में एक से 1.50 कि.ग्रा. चावल कम पाया गया। जिसे कलेक्टर ने जांच करने के निर्देश दिये और राशन कार्डधारियों से उनके कार्ड में पात्रता अनुसार राशन सामाग्री प्राप्त होने एवं राशि के संबंध में जानकारी ली एवं समय पर राशन दुकान खोलकर राशन वितरण करने के निर्देश एसडीएम तथा खाद्य निरीक्षक बेरला को दिया। इसके पश्चात् शासकीय उचित मूल्य की दुकान बारगांव में निरीक्षण के दौरान चावल की बोरियों में कनकी (खण्डा) पाया गया। इसके अलावा चावल अमानक पाया गया जिसको साफ-सुथरा रखने के निर्देश दुकान संचालक को दिया गया।

नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले जनपद सभापति

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जनपद सभापति साहू समाज युवा प्रकोष्ट प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू आज साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर संदीप साहू से मिलकर बधाई दिए व संगठन पर लंबी चर्चा किये व प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन हिरवानी व युवा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू से मिलकर चर्चा किये। ओमप्रकाश साहू ने कहा की संदीप साहू के अध्यक्ष बनने से युवाओ में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

स्कूल भवन निर्माण में उच्च गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करें : सिन्हा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अंग्रेजी माध्यम में बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने विकासखंडों में उच्च स्तर का सर्वसुविधा युक्त स्कूल भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा निर्माण कार्य की गुणवत्ता परखने स्कूलों का निरीक्षण कर रहे हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा ने विकासखंड डोंगरगढ़ के स्वामी आत्मानंद स्कूल भवन निर्माण के लिए शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह स्कूल जिले का सबसे अच्छा स्कूल बनना चाहिए। इसके निर्माण में गुणवत्तापूर्ण और अच्छी सामग्री का उपयोग किया जाए।

कार्यालय, खण्ड चिकित्सा अधिकारी
(वि.ख. कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, वि.ख. पंडरिया, जिला-कबीरधाम)
Email : nrhm.pandriya@gmail.com
क्रमांक/904/एन.एच.एम./निविदा/2021 पंडरिया, दिनांक 08/07/2021

प्रेस विज्ञप्ति
अल्पकालीन निविदा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत, जिला कबीरधाम के विकासखण्ड पंडरिया में मितानिन प्रशिक्षण 583 प्रशिक्षार्थियों का संभावित मितानिन प्रशिक्षण सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है। जिसमें प्रतिदिन लगभग 120-130 तक के प्रशिक्षार्थी के भोजन चाय नास्ता तथा बैठक सह शयन व्यवस्था हेतु दिए गए मार्गदर्शी नियमों के अनुसार संबंधित फर्मों/ एजेंसियों जो जिला कबीरधाम का निवासी हो एवं फर्म का कार्यालय कबीरधाम जिले में स्थापित हो से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 11.00 बजे से संध्या 05.00 बजे तक राशि 500.00 रु. मात्र निविदा प्रपत्र मूल्य का डिमांड ड्राफ्ट जो कि नॉन रिफण्डेबल है, जमा कर प्राप्त किए जा सकते हैं, डी.डी. विकासखण्ड स्वास्थ्य समिति के नाम से ही स्वीकार किए जाएंगे।

- निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि — 16 जुलाई 2021 को दोपहर 03.00 बजे तक।
- निविदा पूर्व शंका समाधान बैठक — 16 जुलाई 2021 को शाम 04.00 बजे तक से।
- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि — 19 जुलाई 2021 को दोपहर 03.00 बजे तक।
- निविदा खोले जाने की तिथि — 20 जुलाई 2021 को शाम 04.00 बजे से

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
विकासखण्ड पंडरिया
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-02
शहीद स्मारक स्कूल के.के. रोड रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 841/2021-22
वार्ड का नाम- श. हेमू कालाणी- 28
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श. हेमू कालाणी 28 स्थित मकान/ भूमि सी/125/01 देवेन्द्र नगर जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती सुशीला देवी खण्डेलवाल पति स्व. विजय कुमार के नाम से दर्ज है, जिसको श्री सिद्धार्थ मंधानी पिता मुकेश मंधानी, मुकेश मंधानी व. स्व. सुन्दरदास मंधानी ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 02
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा, तहसील धमधा, जिला दुर्ग
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.202106102800141/ अ-06/ वर्ष 2020-2021
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रवि कुमार सोनकर पिता भैय्यालाल सोनकर निवासी कुम्हारी तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन किया है कि मौजा ग्राम कुम्हारी प.ह.नं. 53 रा.नि.मं. कुम्हारी तहसील धमधा जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 133/1 रकबा 0.648 हे. भूमि आवेदक के पिता भैयालाल पिता बड्डू व अन्य के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। खातेदार भैयालाल पिता बड्डू की मृत्यु दिनांक 19.01.2019 को हो गया है एवं मृतक के पत्नि सुखबती पति भैयालाल की मृत्यु दिनांक 25.09.2018 को हो गया है। अतः मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किए जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 13.07.2021 तक पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 23.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।
सील
नायब तहसीलदार
अहिवारा

नाम परिवर्तन
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं BHAWNA D/O CHANDRA SHEKHER निवासी JAMRI JATKANHAR, RAJNANDGAON (C.G) 491445 यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम BHAWNA CHOUHAN D/O CHANDRASHEKHAR CHOUHAN रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम BHAWNA CHOUHAN D/O CHANDRASHEKHAR CHOUHAN से ही जाना पहचाना जावे।
BHAWNA CHOUHAN
JAMRI JATKANHAR,
RAJNANDGAON
(C.G.) 491445

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्प्लेक्स, सेक्टर-8 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Email ID emzoneii@yahoo.com GST No.22AAECA978302ZP
//आम सूचना//
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सड्डू रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत श्री मलय मन्ना पिता श्री एच.डी. मन्ना को भवन क्रमांक एलआईजी-1139 आबंटन आदेश क्रमांक 2770 दिनांक 05.04.2005 पर आबंटित किया गया है, जिसका लीजडीड पंजीयन दिनांक 26.07.2007 को पंजीकृत हो चुका है। मूल आबंटी का मृत्यु दिनांक 20.04.2021 को हो जाने के कारण उक्त भवन को नामिनी उनके धर्मपत्नि श्रीमती शांति मन्ना पति स्व. श्री मलय मन्ना, पता- पी-19 दुबे कालोनी, मोवा रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस कार्यालय में सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्धशासकीय / वित्तीय संस्था बैंक इत्यादि को उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03 सड्डू रायपुर
कामर्शियल काम्प्लेक्स, सेक्टर-08, द्वितीय तल सड्डू रायपुर
PH No.968558693 Email id- emzoneii@yahoo.com

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के आवासीय भू-खण्डों/आवासीय भवनों को फ्री-होल्ड के रूप में परिवर्तन करने के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 1-100/2009/32 रायपुर दिनांक 30.12.2011 एवं सम संख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 तथा आदेश क्रमांक 12 दिनांक 01.05.2012 एवं आदेश क्रमांक 01 दिनांक 04.01.2021 के परिपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल के निम्नलिखित हितग्राहियों के द्वारा जिनके नाम व कालोनी का नाम एवं आवासीय भू-खण्ड क्रमांक छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है को फ्री-होल्ड करने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

क्रमांक	आबंटी का नाम	पिता/पति का नाम	भवन क्रमांक	कालोनी का नाम
1	श्रीमती कनक लता गहलोत	श्री विनोद सिंह	एल.आई.जी.- 07	पिरदा रायपुर
2	श्री अविनाश पाण्डेय	श्री राममित्र पाण्डेय	एल.आई.जी.- 763	सड्डू रायपुर
3	जहिर मोहम्मद कुरैशी	स्व. नूर मोहम्मद कुरैशी	अटल आवास- 157	मुनगी फेस-1
4	श्री सूरज साहू	स्व. श्री मेहत्तर लाल साहू	अटल आवास- 171	धनसुली रायपुर
5	श्रीमती प्रेमलता बघेल	श्री सुशील कुमार बघेल	एल.आई.जी.- 211	धनसुली रायपुर
6	श्री चैतन्य कुमार राठौर	श्री बेद प्रसाद राठौर	एल.आई.जी- 565	धनसुली रायपुर

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03 सड्डू रायपुर

लापरवाही: क्रेडा विभाग ने 107 बायो गैस प्लांट 6 वर्ष में लगवाए, 60 से अधिक बंद पड़े !

एलपीजी की बढ़ती कीमतों के बीच गोबर गैस बेहतर विकल्प, जागरूकता नहीं होने से लाभ कम !

■ परचाडांड बस्ती में बंद बॉयो गैस प्लांट

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। देश मे एलपीजी की बढ़ती कीमतों के बीच गोबर गैस प्लांट बेहतर विकल्प साबित हो सकती है।किन्तु अधिकारियों की अनदेखी के कारण अब इस योजना में भी ग्रहण लगने की संभावना हैं जबकि बायो गैस प्लांट से न केवल रोशनी व खाना बनाने के लिए गैस मिलती है, बल्कि कृषि पैदावार बढ़ाने के लिए अच्छी किस्म की खाद भी उपलब्ध हो जाती है।

मिली जानकारी अनुसार कोरिया जिले में क्रेडा विभाग ने 6 साल में 107 बायो गैस प्लांट लगवाए हैं, लेकिन देखरेख नहीं होने से इसमें 60 से अधिक प्लांट बंद है।जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लकड़ी का ईंधन के रूप में इस्तेमाल शुरू हो गया है, जिससे जंगल पर खतरा मंडरा रहा है। बता दें कि ग्रामीण इलाकों में किसान परिवारों को धुआं रहित ईंधन उपलब्ध कराने के लिए जिले में क्रेडा विभाग ने 107 बायो गैस प्लांट लगवाए हैं, लेकिन इनमें 60 से अधिक प्लांट बंद हो चुके हैं। विभाग हर साल लक्ष्य पूर्ति के लिए नए प्लांट बनवा रहा है, लेकिन बंद पड़े पुराने प्लांट को शुरू करवाने में अफसर दिलचस्पी

नहीं ले रहे हैं। पुराने बायो गैस प्लांट बंद हैं या चालू विभाग को इसकी जानकारी तक नहीं है। गोबर गैस के प्रति जागरूकता में कमी और विभागीय लापरवाही के कारण इस साल योजना में 50 गोबर गैस संयंत्र लगाने के लक्ष्य में सिर्फ 19 प्लांट बनाने का काम चल रहा है। वही जानकारी के अनुसार चोपन, चारपारा, परचाडांड समेत जिला मुख्यालय के आसपास के कुछ घरों में गोबर गैस संयत्र लगाए गए थे, लेकिन इनमें कुछ दो-तीन महीने बाद, तो कुछ साल भर बाद बंद हो गए। देखरेख की जानकारी के अभाव में गोबर गैस संयंत्र फेल हो गए। ऐसे में यदि गैस संयंत्र के लिए ग्रामीणों को ठीक तरह से जागरूक किया जाता है तो जंगल को कटने से बचाया जा सकता। वहीं एलपीजी सिलेंडर रिफिल कराने में होने वाले महीने के खर्च से भी राहत मिलती।

एक प्लांट में 22 हजार हो रहे खर्च

कर्मचारी बताते हैं कि दो घनमीटर गड्ढा वाले बायो गैस संयंत्र में पहली बार 50 किलो गोबर, फिर हर रोज जरूरत के हिसाब से 4 से 5 तगाड़ी गोबर की जरूरत होती है। एक संयंत्र को बनाने में 20 से 22 हजार खर्च आता है, राशि सरकारी अनुदान में मिलती है। प्लांट का 95 प्रतिशत हिस्सा जमीन के अंदर रहता हैं। इससे कम जगह में भी बड़ा प्लांट लगा सकते हैं।

विभागीय जानकारी के अनुसार 2015-16 में 38, 2016-17 में 29 और 2017-18 में 100 बायो गैस संयत्र लगाने का लक्ष्य दिया गया था लेकिन 10 बायोगैस ही लगे। साल 2019-20 में 40 सयंत्र लगाए गए हैं, वहीं 2020-21 के 19 प्लांट बनाने का काम फिलहाल चल रहा है। यदि किसी किसान के पास चार गाय-भैंसे हैं तो क्रेडा उसे बायो गैस प्लांट लगाने में मदद करता है। राज्य ऊर्जा संरक्षण मंत्रालय की योजना से प्लांट लगाने के बाद लोगों को खाना बनाने के लिए हर महीने ईंधन पर अतिरिक्त राशि खर्च नहीं करनी होती है। कहीं पाइप फटा तो कहीं हो गया जाम परचाडांड की कृष्णा ने बताया कि बायो गैस का उपयोग सस्ता है तो है लेकिन इसमें खराबी आने के बाद कर्मचारी इसे ठीक करने नहीं आते हैं। अधिकांश गैस पाइप खराब होने के कारण बंद हुए हैं। वहीं गैस सिलेंडर के दाम भी दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। योगेश के परिजन ने बताया कि दो साल से खराब पड़ा पाइप जाम है। कहीं पर पाइप फट गया तो उसे ठीक करने कर्मचारी नहीं आए तो संयंत्र को बंद करना पड़ा। चोपन में भी ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि किसी के घर का पाइप फट गया तो कहीं पाइप जाम हो गया। इसके चलते संयंत्र बंद हैं।

बंद प्लांट की जानकारी नहीं

जिला क्रेडा अधिकारी रामायण उपाध्याय ने बताया कि गोबर गैस संयंत्र लगाकर पूरी जानकारी दी जाती है। इंस्टालेशन के बाद पूरी जिम्मेदारी हितग्राही की होती है। प्लांट बंद की शिकायत पर इसे ठीक करते हैं। पिछले साल 40 प्लांट लगे हैं, इस साल 19 लगा रहे हैं। पहले की जानकारी नहीं हैं।

चिचिया पंचायत ने जिला में बनाया रिकॉर्ड

डेढ़ हजार मजदूरों को 70 हजार मानव दिवस की मजदूरी

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। कोरोना काल के दौरान जिला के कई पंचायतों में जॉब कार्ड धारी मजदूरी के लिए दर-दर भटकते दिखे

लेकिन चिचिया पंचायत में 70 हजार दिवस का मजदूरी देकर सरपंच सचिव जिले भर में रिकॉर्ड बना लिया है। मतलब इस पंचायत में शत-प्रतिशत मजदूरों को निर्धारित दिवस का मजदूरी दिया गया। जबकि अक्सर पंचायत प्रतिनिधि कोरोना के डर से और काम के अभाव में जॉब कार्ड धारियों को मजदूरी नहीं दे पाए। जानकारि अनुसार वर्ष 2020 -21 चिचिया पंचायत के 1449 मजदूरों को 70 हजार 413 दिवस का रोजगार दिया गया। 33. 61 प्रतिशत का रोजगार देने वाला यह

पंचायत ने अपना नाम जिला में दर्ज करा लिया है ।यही कारण है कि इस पंचायत की राजनीतिक गलियारों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के बीच जमकर तारीफ हो रहा है। हालांकि 70 हजार का आंकड़ा इस सत्र में घट कर 27 हजार 113 मजदूरों तक सिमट गया। लेकिन बताया जाता है कि यह पहला पंचायत है जहां एक एक जॉब कार्ड धारी को 150 - 150 दिन का रोजगार मिला है ।शायद यही वजह है कि वर्षों से पलायन करने जाने वाले मजदूरों की संख्या में भी काफी ज्यादा कमी देखने को मिला है।

सरपंच राजकुमार के अनुसार गांव में लोगों की काम धंधा बंद होने के अलावा लोगों की मजदूरी लगभग समाप्त रही जिससे मजदूर पूरी तरह त्रस्त रहे। लेकिन मनरेगा काम इन मजदूरों के लिए वरदान साबित हुआ है। जिसके मद्देनजर रोजगार गारंटी कार्य मैं से डबरी समतलीकरण तालाब सड़क सहित अधिकांश कार्य कराया गया। ताकि मजदूरों को सत प्रतिशत मजदूरी मिले और पहले की तरह वर्तमान में मजदूरों की आर्थिक स्थिति पटरी पर हो। इसीलिए ज्यादा से ज्यादा मनरेगा के कार्यों को प्राथमिकता दिया गया। मतलब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर आज मजदूरों को राशन के साथ सब्जी भाजी के लिए भी अच्छा खासा पैसा मिल पाया है। शायद यही वजह है। कि कोरोना के विषम परिस्थिति पर भी गांव में भगदड़ की स्थिति निर्मित नहीं हो पाई ।जबकि कोरोना के चलते व्यापार रोजगार पूरी तरह बंद रहा लेकिन महात्मा गांधी रोजगार गारंटी कार्य ने मजदूरों के हाथ खाली होने नहीं दिया राजकुमार ने आगे यह भी कहा कि आने वाले सत्र पर डेढ़ हजार मजदूरों को शत प्रतिशत काम दिया जाएगा। ताकि रोजगार के लिए मजदूरों के बीच पलायन की स्थिति ना बन पाए ।

किसानों के खरीफ फसल के लिए मोहरा सोसायटी में पहुंचा खाद

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। खरीफसीजन में फसल की तैयारी शुरू कर दी गई है. किसान खेती के कामों में जुट गए हैं. मानसून के आगमन के साथ ही हर साल छत्तीसगढ़ में किसान खेती के लिए खेतों की ओर दिखने लगते हैं. सरकार की ओर से किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से खाद, बीज और लोन की सुविधा दी जाती है। कोरोना काल और

लॉकडाउन के बावजूद किसान बीते सालों के मुकाबले दोगुनी तेजी के साथ फसल की तैयारी में लगे हैं. लेकिन खरीफ की खेती के सीजन शुरू होने के साथ ही किसानों के सामने कई खाद-बीज की समस्या भी शुरू हो गयी थी । इस बीच आज प्राथमिक साख सहकारी समिति मोहरा में 500 बोरी यूरिया एवं 500 बोरी डीएपी पहुंच चुके है।समिति के प्रभारी समिति प्रबंधक दीनबंधु यादव ने बताया कि किसानों के लिए वर्तमान समय में 266.50 रुपए प्रति बोरी की भाव पर यूरिया व 1200 रुपये की कीमत पर डीएपी 500 नग बोरी आई हुई है।जो आदेश के बाद किसानों को वितरित किया जाएगा। किसानों को खाद उपलब्ध कराने का हमारा भरपूर प्रयास रहता है किसी भी प्रकार का परेशानी न हो इसका ध्यान रखा जा रहा है।

अवैध शराब बिक्री, आरोपी गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम घिवरा में अवैध शराब बिक्री कर रहे मनोज साहू पिता सुदर्शन साहू आयु 23 साल निवासी घिवरा को पकड़ा गया।

आरोपी के पास से 36 पौव्वा देशी मसाला शराब व 500/- रुपए नगदी बिक्री रकम बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 286/21 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम तहत पंजिबद्ध कर जेल भेजा गया। शराब कोचिया गिरफ्तार, आबकारी ऐक्ट की धारा 34(2) तहत की गयी कार्यवाही।

वन महोत्सव एवं सोलर लैंप वितरण

राजनांदगांव। वनांचल क्षेत्र के अंतिम छोर औंधी पर वन महोत्सव एवं सोलर लैंप वितरण का कार्यक्रम संपन्न। विधायक के द्वारा थाने में वृक्षारोपण किया गया उसके के पश्चात सोलर लैंप कार्यक्रम में शामिल हुए एवं ग्रामीणों की समस्या सुनी। और जल्द से जल्द उन समस्याओं का निवारण करने का आश्वासन दिया गया। जिसमें संसदीय सचिव एवं मोहला मानपुर विधायक इंद्र शाह मंडावी एवं डी.श्रवन एस.पी.राजनांदगांव, एन गुरुनाथन.भारतीय वन सेवा मंडल अधिकारी, डॉ मिथलेश चौधरी? जिला चिकित्सक अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे साथ में गांव के गणमान्य नागरिक कोरोना के सारे नियमों का पालन करते हुए यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

शहर में 7 महीने से मीठे पानी की आपूर्ति ठप्प

शहर वासियों ने खारे पानी के साथ पीएचई विभाग ने किया प्रदर्शन

■ किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में लोगों ने किया प्रदर्शन, पीएचई विभाग के खिलाफकी जमकर नारेबाजी

बेमेतरा(मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से शहर की 28 हजार आबादी मीठे पानी से वंचित है। आलम यह है कि क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की 7 महीने में मरम्मत नहीं हो पाई हैं। इससे नाराज शहरवासियों ने किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में बुधवार को संबंधित पीएचई विभाग में सांकेतिक प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने पीएचई विभाग के अधिकारियों खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी अपने साथ खारा पानी लेकर पहुंचे थे। कार्यपालन

अभियंता जीएन रामटेके के अनुपस्थिति में विभाग के कर्मचारी को खारे पानी की जार भेंट कर आम लोगों की परेशानियों से अवगत कराते हुए पाइप लाइन की जल्द मरम्मत की मांग की गई। इस दौरान मनोज शर्मा, पीयूष शर्मा, गिरीश गाबेल, अजय मिश्रा, राकेश पटेल, शिवम तिवारी, टिकेश वर्मा, अभिषेक शर्मा, निखिल वर्मा, दीपक वर्मा, रवि वर्मा, अरुण वर्मा, टेकसिंह वर्मा, नवीन वर्मा, मनोज यदु, राजू यदु, महेश यदु, सोनू यदु, सागर यदु, टोपसिंह घृतलहरें, हरीश घृतलहरें, देवकुमार यादव, राजेश निषाद, गणेश साहू, पप्पू निषाद, गोलू निषाद, राजू निषाद, किशन साहू, मनीष साहू, जेठू बंजारे, काली राम, सागर दास, देवचरण, महेश राम, मनोज बंजारे, अरुण साहु आदि उपस्थित थे ।

जिले के नए प्रभारी मंत्री का प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत को गरियाबंद के नए प्रभारी मंत्री बनाये जाने के बाद जिले में बुधवार को प्रथम आगमन हुआ। इस दौरान नगर में उनका भव्य जोशीला स्वागत हुआ। नगर के तिरंगा चौक में मंत्री अमरजीत भगत के आगमन को लेकर स्वागत में खड़े सैंकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी फूलमाला एवं गाजे बाजे के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया। इस मौके पर प्रथम पंचायत मंत्री एवं राजिम विधायक अमितेश शुक्ल भी साथ रहे।

विधायक श्री शुक्ल के समर्थक पहले से स्वागत के लिए तैयार खड़े थे। तिरंगा चौक में हुए स्वागत कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसिंग साहू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मो.हफ़ीज़ खान जिला

पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम शैलेन्द्र साहू जनक ध्रुव,जनपद पंचायत गरियाबंद के सभापति वीरेंद्र ठाकुर शफीक खान पार्षद देवकरण मरकाम ओम राठौर सेवा सन्नी मेमन ,गुप्ता, नादिर कुरैशी अमित मिरी, अमृत पटेल , वीरू यादव चंद्र भूषण चंद्रभूषण चौहान राजेश साहू अमन ठाकुर प्रेम सोनवानी अवध यादव वीरेंद्र सेन मुकेश रामटेके बाबा सोनी सुरेश मानिकपुरी नंदनी त्रिपाठी विमल साहू ज्योति साहनी भूपेन चंद्राकर , सतीश सिन्हा सफी खान शगुफ्ता रिजवी रमेश मेश्राम हरीश ठक्कर आदि मौजूद रहे।

भकुर्रा महादेव के दर्शन किए

जिले में प्रथम आगमन पर मंत्री अमरजीत भगत ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ विश्वप्रसिद्ध भकुर्रा महादेव के दर्शन किया। भगवान भकुर्रा महादेव के पूजा अर्चना कर मंत्री श्री भगत ने गरियाबंद जिले के अलावा छत्तीसगढ़ में सुख शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना किया। इसके तत्काल बाद मंत्री अमरजीत भगत जिला मुख्यालय के सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं के साथ रूबरू हुए।

प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस के दिन फिंगेश्वर एवं देवभोग ब्लाक से कुल 227.5 किलोग्राम प्लास्टिक कचरा का संग्रहण

गरियाबंद। अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस के अवसर पर गरियाबंद जिले के समस्त विकासखण्डों में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के स्वच्छाग्रहियों ने श्रमदान करते हुए गांव में जगह-जगह बिखरे पड़े हुए प्लास्टिक को एकत्रित करते हुए गांव के परिवेश के प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए तथा ग्रामीणों को प्लास्टिक की जगह थैली का उपयोग करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्ति दिवस को दिन कलेक्टर श्री निलेशकुमार क्षीरसागर तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल के निर्देश एवं मार्गदर्शन में किया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक एक जटिल समस्या बन चुकी है। लोग इस के आदी हो चुके हैं किन्तु यह समस्या धीर धीरे विकराल होती जा रही है। प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग के कारण जहां एक ओर भूमि बंजर हो रही है वहीं भू-जल स्तर में लगातार गिरावट का कारण भी यही बन रहा है।

बैठक | जनता की समस्याओं का समाधान समय पर सुनिश्चित हो: प्रभारी मंत्री भगत

जिले के प्रभारी मंत्री ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

■ धान के अलावा अन्य फसलों को भी प्रोत्साहित करें

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं संस्कृति मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासन की योजनाओं से संबंधित कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो। कहा

कि गरियाबंद जिला प्राकृतिक सौंदर्य और वनों से आच्छादित है। यहां विकास की अपार संभावनाएं है। भूतेश्वरनाथ स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए प्रस्ताव देने के निर्देश दिये है। बैठक में राजिम विधायक अमितेश शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर, उपाध्यक्ष संजय नेताम, कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर, पुलिस अधीक्षक पारुल माथुर सहित जिला अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

जिले के नवनियुक्त प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत बुधवार को जिले के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने लगभग ढाई घंटे समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान करें। उन्होंने विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जरूरी मार्गदर्शन एवं निर्देश दिये हैं। खाद्य विभाग के समीक्षा में उन्होंने कहा कि सभी पहुंचविहीन केन्द्रों में खाद्यान्न का भण्डारण सुनिश्चित हो। खाद्य सुरक्षा समिति का पुनर्गठन कर अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने किसान न्याय योजना के संबंध में भी जानकारी ली। इसके तहत किसानों को अरहर, मूंग, उड़द, केला, कोदो, कुटकी, रागी जैसे फसल को बढ़ावा देने के लिए जोर दिया। मंत्री भगत ने गोधन न्याय योजना अंतर्गत जुड़े महिला समूहों के भुगतान समय पर करने के निर्देश दिये है। साथ ही कहा कि जनपद सीईओ गौठानों का निरीक्षण कर उसे मल्टी एक्टिविटी सेंटर के रूप में विकसित करें। उन्होंने जिले में महिला समूहों को आयजनित गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश दिये गये। स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा के दौरान संभावित तीसरे लहर से निपटने के लिए अभी से तैयारी करने और सतर्कता बरतने कहा है ।

कलेक्टर ने किया कवर्धा तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा ने आज बुघवार को कवर्धा तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते हुए राजस्व कवर्धा के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के न्यायालय में प्रक्रियाधीन राजस्व प्रकरण के निराकरण की समीक्षा की । कलेक्टर श्री शर्मा द्वारा प्रकरणों की न्यायालयवार एवं शीर्षवार समीक्षा की गई । उन्होंने कलेक्टर जन शिविर में प्राप्त किए गए प्रकरण में से लंबित प्रकरणों - 46 का शीघ्र ही 15 दिवस के भीतर निराकरण करने का निर्देश दिए हैं । भुइयां

सॉफ्टवेयर के माध्यम से पंजीयक कार्यालय एवं कृषकों से प्राप्त नामांतरण के कुल- 11440 प्रकरणों में से 10554 प्रकरणों का ऑनलाइन निराकरण कर रिकॉर्ड की दुरुस्ती कर ली गई है। इस तरह भुइयां सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्राप्त 92.91 प्रकरणों का ऑनलाइन निराकरण किया जा चुका है। भुइयां सॉफ्टवेयर में नामांतरण पंजी में दर्ज 30 दिन से अधिक समय सीमा वाले सभी- 56 नामांतरण प्रकरणों को अगली समीक्षा बैठक से पूर्व निराकृत करने का निर्देश दिए हैं, साथ ही अभिलेख दुरुस्ती हेतु लंबित- 99 प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण करने का निर्देश दिए हैं।